हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 जुलाई 2024



B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# मानसून की बेरूखी से सूखे खेत, हताश किसानों को बारिश का इंतजार

## जिले में 75% बोनी का कार्य पूर्ण, बारिश के अभाव में सूखने लगे धान के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून की दगाबाजी से किसानों की नींद उड़ने लगी है। मानसून की दस्तक के साथ ही किसानों ने खेतों की बुआई और धान की रोपाई में व्यस्त हो गए थे। जिले में अब तक 75 फीसदी धान की बोनी पूरी हो गई है। खेतों में धान के छोटे-छोटे पौधे बारिश के अभाव में सूखने लगे हैं। कई जगहों पर खेतों में दरारें पड़ना शुरू हो गई है। जिससे अब किसानों को चिंता सताने लगी है।

बेहतर मानसून की उम्मीद के साथ किसान समय पर खेतों की बुआई और धान की रोपाई कार्य में जुट गए थे, लेकिन मानसून की दगाबाजी ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। जून माह के अंतिम सप्ताह में मानसून की सक्रियता के साथ किसान खेती-किसानी के कार्य में जुट गए थे। शुरूआती दिनों की बारिश से ऐसा लग रहा था कि इस बार मानसून मेहरबान रहेगा, लेकिन बीते कुछ दिनों से जिले के अधिकांश इलाकों में खंड वर्षा के हालात निर्मित हैं। कुछ इलाकों में बारिश हो भी रही है तो नहीं के बराबर। जिससे उमस और गर्मी से धान के पौधे को नुकसान पहुंच रहा है। तेज धूप और गर्मी के कारण खेतों में दरारें पड़ने लगी है। धान के पौधे पानी के अभाव में सूख रहे हैं। ऐसे हालात में किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बेहतर बारिश की उम्मीद लगाए निहार रहे हैं।

### डोंगरगांव में सबसे कम बारिश

अलग खबर

*मौसम विभाग के अनुसार पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा 245 मिमी दर्ज की गई है। जिसकी तुलना में अभी तक जिले में सिर्फ 173 मिमी वर्षा हुई है। जिले में सबसे कम बारिश डोंगरगांव विकासखंड में दर्ज की गई है। वहां पर सिर्फ 28 फीसदी बारिश हुई है और घुमका में औसत अच्छी बारिश हुई है। काम बारिश की वजह से खेतों में पानी नहीं है। जमीन का जलस्तर भी काफी नीचे गिर चुका है। ऐसे हालात में रोपा लगाने वाले किसानों को भी सिंचाई का कोई साधन नहीं मिल पा रहा है।*

### पौधे खराब होने की स्थिति

आषाढ़ माह को समाप्त होने में महज 11 दिन शेष है और अभी तक झमाझम बारिश नहीं हुई है। किसानों ने बताया कि अगर सप्ताहभर के भीतर अच्छी बारिश नहीं हुई तो कई इलाकों के खेतों में लगे धान के पौधे पूरी तरह से खराब हो जाएंगे। ऐसे हालात में दोबारा बोनी के हालात निर्मित हो सकते हैं।



### अल्पवर्षा से चिंता



मौसम की बेरूखी से किसानों की चिंता बढ़ना लाजिमी है। मौसम विभाग की माने तो अभी कुछ दिन अच्छी बारिश की संभावना नहीं है। सभी किसानों को समय पर प्रधानमंत्री फसल बीमा करवा लेना चाहिए, ताकि बारिश नहीं होने के हालात में दोबारा बोनी की जरूरत पड़े तो बीज की उपलब्धता आसानी से हो सके।

- **अशोक चौधरी**, किसान नेता

### धान के पौधे सूखने का सता रहा डर

जून माह के अंतिम पखवाड़े से जिले में धान की बोनी शुरू हो गई थी। उसके बाद से धान बुआई का सिलसिला लगातार जारी है। बीते कुछ दिनों से अचानक मौसम की बेरूखी के बाद से बारिश नहीं हो रही है, जो किसानों के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। कुछ इलाकों में धान के पौधे थोड़े बड़े हो गए हैं, लेकिन बारिश के अभाव में वे सूखने लगे हैं। बीते सप्ताहभर से तेज धूप और गर्मी पड़ने की वजह से खेतों में दरारें पड़ने लगी है। ऐसे हालात में किसानों को पौधे सूखने का डर सताने लगा है।

## खबर संक्षेप

### पशुक्रूरता के मामले मे फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव**। पशुक्रूरता के एक मामले में 6 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 दिसंबर 2023 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि सोमनी से एक लाल रंग की टाटा कंपनी की ट्रक में मवेशी को ठूंस-ठूंसकर भरकर नागपुर-महाराष्ट्र की ओर ले जा रहे कि सूचना पर भाजपा कार्यालय के पास मेन रोड पर नाकाबंदी किया। टाटा आइसर वाहन का चालक पुलिस को दूर से देखकर वाहन को खड़ा कर भाग गया। ट्रक में लगे तालपत्री को हटाकर देखने पर 38 नग गाय, बछड़ा, बछिया को ठूंस-ठूंसकर क्रूरतापूर्वक बिना हवा, पानी, चारा के ट्रक में भरा जाना पाया गया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से टीम गठित कर फरार आरोपी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। मुखबीर की सूचना पर 10 जुलाई को आरोपी शशिकांत साहू पिता रामकृष्ण साहू 37 वर्ष साकिन इंदौर मप्र को पता तलाश कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी 6 माह से फरार चल रहा था।

बेचना है
ग्राम लिटिया में मेन रोड में 10 डिसमिल (डबल रोड) की जमीन एवं मुदलियार कॉलोनी में दुर्गा मंदिर के सामने 1850 वर्गफीट (डबल रोड) रेरा अप्रूव्ड प्लॉट शीघ्र बेचना है।
7974250186

## दो दिनों के भीतर मांगा गया जवाब, शर्तों की संख्या में आया था दोनों में अंतर

# सफाई ठेके टेंडर के संकल्प पत्र से छेड़छाड़ एमआईसी सचिव को नोटिस, मांगा जवाब!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सफाई ठेके के टेंडर को लेकर मचे घमासान के बीच ठेके को लेकर जारी किए गए संकल्प पत्र से छेड़छाड़ करने के आरोप को लेकर एमआईसी सचिव संजीव मिश्रा को निगम आयुक्त द्वारा नोटिस जारी की गई है। उनसे तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है अन्यथा एक पक्षीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। बताया गया कि एमआईसी में लगाए गए सफाई ठेके के संकल्प पत्र में दो वर्षों की जगह तीन वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य किया गया था।

उल्लेखनीय है कि शहर के 27 वार्डों को साफ रखने के लिए किए जाने वाले सफाई ठेके को लेकर इस बार जमकर घमासान मचा हुआ है। पहले महापौर हेमा देशमुख सहित एमआईसी सदस्यों ने निगम प्रशासन द्वारा किए गए इस टेंडर की प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े किए, जब टेंडर निगम द्वारा कर दिया गया तो उसके बाद एमआईसी की बैठक में इसे निरस्त भी कर दिया गया। इधर अब नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही निगम आयुक्त ने इस मामले में एक बड़ा एक्शन लिया है। एमआईसी की पहली बैठक जो कि 23 फरवरी को हुई थी। वहीं दूसरी बैठक जो 1 जुलाई को आयोजित की गई थी, इन दोनों में ही सफाई ठेके को लेकर अलग-अलग संकल्प पत्र पेश करने का आरोप एमआईसी सचिव पर लगाया गया है।

### ठेके को लेकर चला नेताओं में डील!

एक तरफ जहां सफाई ठेके के टेंडर को लेकर निगम एक्शन में है। वहीं निगम से जुड़े प्रतिनिधि अब इसके समाधान में जुट गए हैं। निरस्त होने के बाद अब ठेका फिर से पास कराने के लिए भाजपा के दो पार्षदों ने बीते दिनों कांग्रेस के तीन पार्षदों से मुलाकात की है। इसमें 12 वार्ड का ठेका कांग्रेसियों को और शेष 15 वार्ड के ठेके का संचालन भाजपा नेताओं को देने के फार्मूले पर सहमति बनाए जाने की जानकारी सामने आई है।




### इस तरह किए बदलाव, शर्त संख्या में अंतर

एमआईसी की 24 फरवरी को हुई बैठक में सफाई ठेके की निविदा के लिए अनुशंसा में जो संकल्प पत्र पेश किया गया था, उसमें निविदाकार का तीन वर्षों का आयकर रिटर्न प्रस्तुत करने की शर्त को विलोपित किए जाने तथा दो वर्ष के कार्य अनुभव में संशोधित कर तीन वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य कर निविदा करने की स्वीकृति दी गई थी। वहीं ईएसआईसी और ईपीएफ भी शासन से अनिवार्य का उल्लेख किया गया था।

### इन वार्डों के लिए टेंडर

मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्र. 1, 4, 6, 7, 8, 10, 13, 15, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 32, 33, 35, 39, 40, 41, 42, 44, 46 के साथ ही वार्ड क्रमांक 51 के लिए सफाई की व्यवस्था ठेके पर दी जाती है। ऐसे ही बाजार इलाके में रात्रिकालीन एवं हॉट बाजार की सफाई के लिए भी ठेका किया जाता है।

**दो अलग-अलग संकल्प पत्र :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एमआईसी सचिव द्वारा 24 फरवरी व 1 जुलाई को हुई दो एमआईसी बैठकों में अलग-अलग संकल्प पत्र पेश किया गया है। पहले संकल्प पत्र में सफाई ठेके की निविदा के लिए दो शर्तों का उल्लेख है। जबकि दूसरी में पांच शर्तों का उल्लेख किया गया है। नोटिस में यह भी कहा गया कि दो संकल्प पत्र प्रस्तुत करने के चलते विपरीत परिस्थितयां उत्पन्न हुई। अब इस मामले में एमआईसी सचिव संजीव मिश्रा से दो दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है।

# पैसा लेकर नौकरी दी, दो दर्जन कर्मियों को नहीं दिया दो माह का वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- पूर्व लोकेशन आफिसर के खिलाफ दो दर्जन कर्मियों ने की शिकायत

आबकारी विभाग में पदस्थ रहे विवादित लोकेशन आफिसर के खिलाफ अब दो दर्जन कर्मियों ने कलेक्टर और एसपी से शिकायत की है। कर्मियों का कहना है कि लोकेशन आफिसर अमित मिश्रा द्वारा सुरक्षा गार्ड और कैशियर के रूप में काम देने के लिए 40 से 50 हजार रुपए लिए गए थे और अब उन्हें दो माह का वेतन दिए बगैर ही नौकरी से निकाल दिया गया है। उन्होंने इस मामले में दोषी अफसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

प्रार्थी सागर सोनी, अक्षय नेताम, मुन्ना यादव सहित दो दर्जन कर्मियों ने प्रशासन को दिए शिकायत में उल्लेख किया है कि अमित मिश्रा आबकारी विभाग में कैश कलेक्शन का कार्य करता था। पूर्व लोकेशन अधिकारी ने उन्हें सुरक्षा गार्ड और कैशियर के रूप में काम पर रखने के लिए शिक्षित बेरोजगारा से 40 से 50 हजार रुपए लेकर काम में रखा था। कर्मियों ने बताया कि उन्हें दो माह का वेतन नहीं दिया गया है और काम से भी निकाल दिया गया है। कर्मियों ने नौकरी लगाने के नाम पर वसूली गई राशि और बकाया वेतन की राशि दिलाने की मांग की है। उन्होंने अमित मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

### शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं

दो दर्जन कर्मियों द्वारा पूर्व लोकेशन अधिकारी के खिलाफ नौकरी लगाने के नाम पर वसूली किए जाने की शिकायत किए जाने के बाद भी पुलिस ने आज पर्यन्त तक कोई कार्रवाई नहीं की है। बताया जाता है कि यह मामला भी सीएसपी दफ्तर में पेडिंग रखा गया है। बताया जाता है कि शीघ्र ही इस मामले की शिकायत अब विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भी किए जाने की तैयारी है।

### महिला अफसरों की सुनवाई नहीं

आबकारी विभाग में पदस्थ तीन महिला और दो पुरूष अधिकारी द्वारा पूर्व लोकेशन अधिकारी अमित मिश्रा के खिलाफ की गई शिकायत में भी पुलिस विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बताया जाता है कि पुलिस अफसर को जांच में कोई तथ्य ही दिखाई नहीं दिए हैं।

### मामले की जांच जारी

उक्त मामले की शिकायत पर जांच की जा रही है, जांच पश्चात कार्यवाही की जायेगी।

- **पुष्पेन्द्र नायक**, नगर पुलिस अधीक्षक

# बाइक चोरी का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

- कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, दो बाईक बरामद

**राजनांदगांव**। बाईक चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे बुलेट एवं हीरो बाईक बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी तरूण काछी 20 साल निवासी गौरीनगर रेलवे क्रासिंग के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 से 27 जून की मध्य रात्रि में केजीएन बिरयानी नया बस स्टैंड राजनांदगांव के पास इसके मोटर साइकिल बुलेट रायल इनफिल्ड क्लासिक सिल्वर कलर कीमती 80 हजार रुपए एवं एक नग



वन प्लस मोबाईल कीमती 10 हजार रुपए जुमला कीमती 90 हजार रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

⏵⏵ शेष पेज 14 पर

### सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू व साइबर सेल प्रभारी विनय परमार के नेतृत्व में थाना कोतवाली व साइबर सेल से टीम गठित कर अज्ञात आरोपी का पता तलाश के लिए घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में मिले क्लू के आधार एवं मुखबीर की सूचना पर आरोपी मिथलेश मारकंडे पिता स्व. महेश मारकंडे 24 साल साकिन सतनामीपारा लखोली को घेराबंदी कर हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर उक्त बुलेट व मोबाईल को चोरी करना स्वीकार किया।

# दोपहर डेढ़ बजे से आंगनबाड़ी में लगेगा ताला, वेतन बढ़ाने की जमकर नारेबाजी

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने दिया धरना

**राजनांदगांव**। कलेक्टर कार्यालय के सामने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते महिला बाल विकास मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है और अन्य राज्यों की भांति दोपहर 1



बजे तक ही आंगनबाड़ी संचालन की मांग की है।

मानदेय में बढ़ोतरी, शासकीयकरण जैसी अपनी प्रमुख मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं

⏵⏵ शेष पेज 14 पर

### शासन से मिली गुणवत्ताहीन साड़ी

सीटू यूनियन की प्रदेश सचिव ईश्वरी साहू ने कहा कि शासन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को जो साड़ी दी गई है, वह गुणवत्ताहीन है। सरकार इस साड़ी की जगह नगद राशि दे। जिससे हम गुणवत्तापूर्ण साड़ी खरीद सके।

## माय एंगल




## ठेका पद्धति में कार्यरत 300 में सिर्फ सौ को रखा गया काम पर

# नाराज सफाई कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा 200 सफाई कर्मचारियों को कम पर नहीं लिए जाने के मामले को लेकर सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम परिसर में धरना प्रदर्शन करते नारेबाजी की।

सफाई ठेका पद्धति में कार्य करते राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था संभाल रहे लगभग 300 सफाई कर्मचारियों को ठेकेदार द्वारा कार्य से हटा दिया गया था। जिसके बाद नगर निगम द्वारा महज 100 सफाई कर्मचारियों को कार्य पर रखा गया है। वहीं 200 कर्मचारियों को कार्य पर नहीं रखने के मामले को लेकर आज सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम परिसर में धरना प्रदर्शन करते सभी सफाई कर्मचारियों को कार्य पर रखने की मांग की है। सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष गोलू नायक ने बताया कि बीते 8 जुलाई को निगम द्वारा 100 सफाई कर्मचारियों को कार्य में रखने की स्वीकृति दी है। वहीं 200 लोगों को कार्य पर नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि ठेका पद्धति में 300 कर्मचारी कार्यरत थे।


नगर निगम परिसर में किया विरोध प्रदर्शन

जिसमें से 100 लोगों को कार्य पर रखा गया और 200 लोगों को निकाल दिया गया है, जो कई दशकों से शहर की सफाई व्यवस्था में जुटे हुए थे। उन्होंने मांग की है कि ठेका पद्धति में काम करने वाले सभी सफाई कर्मचारियों को कार्य पर रखा जाए।

### ठेका पद्धति समाप्त करने की मांग

नगर निगम द्वारा सफाई कर्मचारियों को कार्य पर नहीं रखे जाने को लेकर आंदोलन कर रहे सफाई कर्मचारियों ने शहर में पूर्ण रूप से सफाई ठेका बंद कर नगर निगम द्वारा सीधे प्लेसमेंट कर्मचारियों के रूप में सभी को कार्य में रखने का आग्रह किया है। वहीं 200 सफाई कर्मचारियों को वापस नहीं लिए जाने पर नगर निगम के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को लेकर चेतावनी दी है।

### शहर की सफाई व्यवस्था पहले ही चौपट

300 सफाई कर्मचारियों को निकालकर महज 100 सफाई कर्मचारियों को कार्य पर रखे जाने के मामले को लेकर वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बारिश का समय संक्रमण का समय होता है। शहर की सफाई व्यवस्था पहले ही ठप है और शहर कचरों से पटा पड़ा हुआ है। ऊपर से सफाई कर्मचारियों को निकाल दिया गया है। जबकि शहर की सफाई के लिए 5-6 सौ सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम कमिश्नर अगर व्यवस्था ठीक नहीं करेंगे तो हम बैठक करके उचित निर्णय लेंगे।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
- ब्लड प्रेशर
- शुगर
- थायराइड
- बुखार
- खांसी
- छाती रोग
- पेट रोग
- किडनी
- लकवा
- माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
- नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### दीक्षा दिवस और उपनयन संस्कार आज

**डोंगरगढ़।** श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरि तीर्थ क्षेत्र में आगामी 11 जुलाई को प्रातः 7 बजे से संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का 57 वाँ मुनि दीक्षा दिवस मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम 108 मुनि श्री आगम सागर महाराज, 108 मुनि पुनीत सागर महाराज एवं 105 एलक धैर्य सागर महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। प्रातः 7 बजे अभिषेक, शांति धारा, पूजन, आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। तत्पश्चात गाजे – बाजे के साथ जुलूस निकालकर 108 आचार्यश्री की समाधि स्थल तक लोग जाएंगे। यहां 8 से 16 वर्ष तक के 1000 बच्चों का उपनयन संस्कार किया जाएगा। यह जानकारी चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन ने दी।

### महिलाएं करेंगी कचरा संग्रहण



**जेवरतला रोड।** स्वच्छता मिशन के तहत ग्राम पंचायत पिनकापार में कादंबरी महिला स्व सहायता समुह द्वारा कचरा संग्रहित किया जाएगा। गत दिनों सरपंच सोमिन भुआर्य एवं सचिव बलदाऊ देवांगन ने हरी झंडी दिखाकर महिलाओं को रवाना किया। इस अवसर पर पंच दिलेश्वर भुआर्य, रोजगार सहायिका चंद्र सीमा राजपूत, पंच रमेश जगनायक, यशवंत राजपूत, अमित गांवरे आदि उपस्थित थे।

### एक ट्रक की ठोकर से दूसरा पलटा



**चिचोला।** नेशनल हाइवे चिचोला में आए दिन ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इसी क्रम में लोहा चैनल भरकर रायपुर से गुजरात जा रहा ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचवाय 5788 को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दिया, जिससे गुजरात जाने वाले ट्रक गढढे में जा गिरा और लोहा चैनल इधर उधर बिखर गया। अच्छी बात यह रही कि ट्रक चालक परिचालक को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद 112 ने मौके में पहुँचकर भीड़ को नियंत्रित किया।

### सरकार को बदनाम न करें कर्मी

**छुरिया।** जिला भाजयुमो के उपाध्यक्ष कांता साहू ने स्थानीय



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गत दिनों घटित घटना को शर्मनाक बताया है। उन्होंने ब्लॉक मुख्यालय के सभी कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कार्यालयीन समय का ध्यान रखकर काम करें। सरकार को बदनाम करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आटरा निवासी जो जंगली सुसूअर के हमले से घायल हो गया था को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया लाया गया था। अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मचारी एवं डाक्टर अनुपस्थित थे जो उनकी लापरवाही को दर्शाता है। डॉक्टर समय पर मौजूद रहते हुए इलाज करते तो घायल को अपनी जान नहीं गंवाना नहीं पड़ता।

### बढ़त के लिए गुप्ता और पटेल सम्मानित



**डोंगरगांव।** लोकसभा चुनाव परिणाम की गत दिनों समीक्षा किया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले बूथ क्रमांक 216 (मटिया) में पूरे विधानसभा में सर्वाधिक मत के अंतर से 640 वोट से बढ़त हासिल करने पर मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता और मनबोधी पटेल का सम्मान किया गया। इस दौरान अवधेश चंदेल, दिनेश गांधी, भरत वर्मा, कोमलसिंह राजपूत, राजेंद्र जैन बंटू, रविंद्र वैष्णव आदि मौजूद थे।

---

### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन

# काम के बाद भुगतान का संकट आंदोलन करने के मूड में सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल समाप्ति की ओर है किन्तु निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों अब तक परेशानियों से जूझ रहे है। निर्वाचन के बाद कोरोना संक्रमण के कारण अपेक्षित काम नहीं हो सके। वहीं अब तक विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया तो पंचायत प्रतिनिधियों को आर्थिक संकट से दो चार होना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार अंचल की अधिकांश पंचायतों में विकास कार्य अवरुद्ध है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद राशि का भुगतान महीनों से लंबित है जिससे सरपंच कर्ज में डूब गए है। जानकारी के अनुसार पंचायत में निर्माणाधीन पानी टंकी कार्य 2 वर्षों से अपूर्ण है। ठेकेदार ने कार्य बंद कर दिया है।

काम नहीं होने के अलावा भुगतान को लेकर ग्राम सभा की बैठक में विवाद की स्थिति बनी रहती है और सरपंचों को ग्रामीणों के सामने निरूत्तर होना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार मनरेगा सॉफ्टवेयर में कुछ वेंडर का खाता अपडेट नहीं होने से राशि का हस्तांतरण नहीं हो रहा है। इस संबंध में सरपंचों तथा जनपद पंचायत द्वारा जिला पंचायत के अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया किन्तु अब तक समस्या बनी हुई है।



#### मूल्यांकन में लापरवाही

सरपंचों ने बताया कि ग्राम पंचायत में सोलर लाइट लगाने की स्वीकृति मिली थी। कार्य पूर्ण होने के दो-तीन वर्ष बाद भी मूल्यांकन एवं सत्यापन नहीं करने से भुगतान नहीं हो सका है। इसी प्रकार निर्माण कार्य प्रारंभ होने के बाद भी कार्य एजेंसी को 40 प्रतिशत की राशि नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य गति नहीं पकड़ पा रहे हैं। इस संकट को देखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वीकृति उपरांत संपूर्ण राशि जनपद पंचायत भेजने की मांग रखा है।

#### सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन

समस्याओं से जूझ रहे सरपंचों ने मंगलवार को सांसद संतोष पांडे, जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू, कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को ज्ञापन सौंपकर जल्द राशि भुगतान की मांग की। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भुगतान के लंबित रहने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, सारिका जैन, दुर्गा महानदीया, आतिश सिन्हा, कोमिका घावड़े, दिनेश ठाकुर, भुवनेश्वर चंद्रवंशी, प्रीतम साहू, संगीता भुआर्य आदि मौजूद थे।

#### काम के बाद भुगतान अटका

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान मद से विभिन्न ग्राम पंचायत में भवन मरम्मत स्वीकृत हुआ था। सरपंचों ने मरम्मत कार्य 2 साल पहले पूर्ण कर लिया है किन्तु योजना के बंद होने से भुगतान अटक गया है। क्षेत्र के अधिकांश सरपंच कर्ज में फंस गए है। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में अलग-अलग मद से कार्य शुरू किए गए थे जो भुगतान लंबित रहने से अटक गए है। इसी प्रकार जिला पंचायत विकास निधि, 15 वित्त मद, जनपद विकास निधि, मनरेगा, डीएमएफ, एलडब्ल्यूई, विधायक निधि, सांसद निधि, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना निधि सहित अन्य मदों से राशि का भुगतान महीनों से लंबित है।

---

# सीएम से मिलकर अवगत कराया समस्याओं से



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जिला भाजयुमो मंत्री अनंत तिवारी, जिला सोसल मीडिया प्रभारी नवीन साहू, हिमांशु साहू ने गत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर अंचल की विभिन्न समस्याओं और जरूरतों से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने इस दिशा में उचित पहल करने का आश्वासन दिया है। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने भारत माला परियोजना अंतर्गत रायपुर से हैदराबाद तक बनने वाली एक्सप्रेस वे निर्माण के दायरे में आने वाले जिले के 42 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के 18 गांवो में बंटाकन, सीमांकन,नामांतरण एवं रजिस्ट्री पर रोक लगने के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने रोक हटाने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया ताकि किसानों को राहत मिल सके।

#### मार्ग चौड़ीकरण की मांग

उन्होंने उमरवाही से गुंडरदेही मार्ग के चौड़ीकरण की मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इस मार्ग के लिए भाजयुमो के जिला मंत्री अनंत तिवारी एवं 11 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने काफी प्रयास किया किन्तु कांग्रेस शासनकाल में सड़क का काम नहीं हुआ।

### बिजली गुल से परेशान, ट्रांसफार्मर बदलने की मांग

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत भुरभुसी के ग्रामीण लगातार बिजली गुल होने से परेशान हैं। ग्राम में लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता बहुत कम है जिसके कारण अक्सर



बिजली गुल होते रहती है। सुधार के बाद भी ग्रामीणों को पर्याप्त बिजली नहीं मिलती है और ग्रामीणों को बिजली गुल होने की समस्या से जूझना पड़ता है। ग्राम के एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने गत दिनों उक्त समस्या को लेकर बिजली कंपनी के कनिष्ठ अभियंता को आवेदन सौंपकर ट्रांसफार्मर बदलने की मांग किया है। बिजली कंपनी के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि ओवरलोड होने क कारण सर्किट को दो भागों में बांट दिया गया है। नए ट्रांसफार्मर के लिए स्थल बताने ग्रामीणों से कहा गया है। स्थल निर्धारित होने पर नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा।

---

# गांव में चारागाह और चरवाहे का संकट



**चिचोला।** क्षेत्र में चारागाह के बाद अब चरवाहे की कमी देखी जा रही है। कई गांव के लोग बारी बारी से मवेशी चरा रहा है। पहले सभी गाँव में पर्याप्त चारागाह होता था जहां मवेशी चरते थे किन्तु अब गांवों में चारागाह की जगह कम हो गई है। जिन गांव में भाटा जमीन थी से मुरूम का खनन कर गढडा कर दिया गया है। कुछ जगह नर्सरी लगाकर घेरा दिया गया है। अब स्थिति यह आ गई है कि लावारिस घुमते मवेशी खेतों में घुसकर धान चट कर जाते है। कुछ लोग मवेशी को गर्मी दिन तक बांधकर रखते है किन्तु चरवाहा और चारा नहीं मिलने के कारण पशुपालकों को परेशान होना पड़ रहा है वहीं चरवाहे भी काम करने से इंकार करने लगे है जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। चारागाह और चरवाहा की समस्या को देखते हुए लोग मवेशी को जंगल में छोड़ने लगे हैं। मवेशियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण अक्सर सड़क पर जमघट लगा रहता है जिससे दुर्घटना होने का हमेशा डर बना रहता है।

# गांधी की पहल पर मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद

**डोंगरगांव।** भाजपा नेता दिनेश गांधी के हस्तक्षेप और प्रयास से गत दिनों झींका में हुई दुर्घटना में युवक की मौत के बाद उपजे आक्रोश शांत करने में प्रशासन को मदद



मिली साथ ही पीड़ति परिवार त्वरित आर्थिक सहायता भी मिली। जानकारी के अनुसार गत दिनों ग्राम झीका में एक ट्रक पार्किंग के दौरान बरसटोला निवासी 18 वर्षीय अंशुल निषाद आ डिलेश निषाद उसकी चपेट में आ गया था। वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई थी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने स्टेट हाइवे जाम कर दिया था। मौके पर पहुँचे अधिकारियों की समझाइश के बाद भी ग्रामीण शांत नहीं हुए और करीब पांच घंटे तक सड़क पर डटे रहे जिससे स्टेट हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई थी। घटना और आंदोलन की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गाँधी ने आंदोलरत ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुना और समाधान करने का प्रयास किया जिससे आंदोलन तो खत्म हुआ साथ ही प्रभावित परिवार त्वरित राहत भी मिली। श्री गाँधी की पहल पर प्रशासन ने राहत के तौर पर तुरंत 25 हजार, ट्रक वाले ने 50 हजार और एबीएस कंपनी ने एक लाख प्रदान किया। श्री गांधी ने मौके पर मुख्यमंत्री से 2.50 लाख अनुदान दिलाने की घोषणा किया।

# जसवंत दूसरी बार बने जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लूबंजारी

रेवाडीह स्थित कंवर धर्मशाला में सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई राजनांदगांव की नवीन कार्यकारिणी का चयन किया गया। जसवंत घावड़े को दूसरी बार जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

- कार्यक्षमता और अनुभव को देखते हुए सौंपा गया दायित्व



प्रांतीय पर्यवेक्षक महेश रावटे, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुदेश टीकम, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामनारायण नेताम, जिला महासचिव दिनेश कुरेटी एवं जिला प्रवक्ता उदय नेताम के मार्गदर्शन में सर्व आदिवासी समाज की बैठक संपन्न हुई।

स्वागत के बाद कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने पर जिला महासचिव दिनेश कुरेटी ने भंग करने की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष पर के लिए चन्द्रशेखर उइके एवं जसवंत घावड़े का नाम आया। समाज प्रमुखों एवं वरिष्ठ जनों ने समन्वय बनाते हुए जसवंत घावड़े को अध्यक्ष एवं चन्द्रशेखर उइके को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया। जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष हरिराम पुजेरी, कमलेश पारधी, एवन कुमार आचले, जेआर ठाकुर, गैंदलाल मंडावी, कोषाध्यक्ष रोमसिंह मंडलोई, महासचिव लेखराम चन्द्रवंशी, सचिव राहुल नेताम, मीडिया प्रभारी मनभावन उइके, महिला प्रभाग के अध्यक्ष हरिला मंडावी, कार्यकारी अध्यक्ष अंजना मिंज, युवा प्रभाग अध्यक्ष नंदकुमार गोंड़िया, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश कुमार रावटे को बनाया गया है। चयन के बाद सभी पदाधिकारियों को चांवल का टीका लगाकर बधाई दिया गया। इस अवसर पर बिन्दुलाल चन्द्रवंशी, लेखराम मात्रा, ललिता कंवर, अनिल छेदैहा, पवन पंचारी, युवराज नेताम, महावीर उइके, छबिलाल चन्द्रवंशी, हेमंत सलामे, डेविड भुआर्य, आस्कर बाड़ा, प्रशांत कोड़ापे, डेरहू चन्द्रवंशी, धनसाय सलामे, ठाकुरराम, महावीर उइके, छत्रपाल चन्द्रवंशी, झाड़राम ठाकुर, भूपेन्द्र सोरी, नरेन्द्र मंडावी आदि उपस्थित थे।

---

### कंपनियों की चाल में फंसे व्यापारी और किसान

# कंपनियों के दबाव में बिना डिमांड वाली रासायनिक खाद बेचने डीलर मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

खाद कंपनियों द्वारा अपने माल को खपाने के लिए बिक्रेताओं को मोहरा बनाया जा रहा है जिससे उन्हे बिना मांग वाले कृषि उत्पादों को खपाने विवश होना पड़ रहा है साथ ही आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार खाद निर्माताओं द्वारा सोसायटियों में खाद की खेप पहुंचाने के बजाय खुले बाजार में पहुंचाया जा रहा है जिससे खाद की कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। जमीनी स्तर पर पड़ताल करने पर इस बात का खुलासा हुआ कि खाद की कालाबाजारी के लिए कंपनियां जिम्मेदार हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में रासायनिक खाद की सर्वाधिक मांग रहती है। राज्य में लगभग एक दर्जन कंपनियां खाद की सप्लाई करती है।

कई कंपनियां व्यापारियों को खाद तो उपलब्ध कराती है कि वह ऐसे प्रोडक्ट को भी डीलरों तक पहुंचाती है जिसकी मांग नहीं है जिसके कारण व्यापारियों को डंप माल की कीमत की भरपाई के लिए खाद की कीमत बढ़ाकर बेचना पड़ता है। सोसायटियों में खाद की किल्लत के बाद किसान बाजार से अधिक कीमत में खाद खरीदने मजबूर होते है।



#### डिमांड वाली खाद गायब

जानकारी के अनुसार वर्तमान में आईपीएल, एनएफएल, आरसीएफ, इफको, गोदावरी, चम्बल, एचयूआरएल जैसी कंपनियों की खादों की डिमांड है किन्तु मार्केट में उनकी उपलब्धता नहीं के बराबर है। जानकारी के अनुसार बिक्रेताओं को यह खाद तभी मुहैया कराया जाता है जब बिना मांग वाली खाद खरीदना पड़ता है।कुछ खाद की कीमत सरकारी दर से 30 से 40 प्रतिशत अधिक है वही कुछ ऐसी खाद है जिसे मांग नहीं होने के बाद व्यापारियों को बेचने के लिए दिया जा रहा है। व्यापारी डंप खाद को निर्धारित कीमत से 75 प्रतिशत तक कम बेचने का प्रयास करते है फिर भी किसान किसान लेना पसंद नहीं करते है। जानकारी के अनुसार सुपर फास्फेट की कीमत 498 रूपए है जबकि व्यापारी 440 रूपए में बेच रहे है। इसी प्रकार दानेदार यूरिया की सरकारी कीमत 538 रूपए है जिसे व्यापारी 480 रूपए में बेच रहे है। वर्तमान में यूरिया एवं डीएपी की मांग है। यूरिया का सरकारी रेट 266 रूपए है जबकि मार्केट में 320 रूपए में बिक रही है। डीएपी सरकारी रेट 1350 रूपए है जबकि मार्केट में 17 सौ से 1750 में बेचा जा रहा है।

#### जबरन थमा रहे खाद

जानकारी के अनुसार नैनो यूनिया सहित कुछ ऐसी खाद है जिसकी कीमत 200 से 240 रूपए तक है किन्तु किसानों में इसकी मांग नही होने के बाद भी डीलरों को एक ट्रक मांग के अनुरूप खाद लेने में 75 हजार की खाद को दिया जा रहा है। इस खाद को व्यापारी 5 बोरी खाद लेने पर एक बोतल लेने का दबाव बनाते है। कुछ व्यापारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि 240 रूपए कीमत वाली खादों को वह 70 से 80 रूपए में बेचने तैयार है किन्तु उसके बाद भी कोई उसे लेने तैयार नहीं होता है। यह जानकारी भी सामने आई है कि जो खाद कंपनी सरकारी संस्थाओं में खाद उपलब्ध कराती है उसकी रेक खाली करने, लोडिंग, अनलोडिंग एवं संस्थान तक पहुंचाने का 20 रूपए प्रति बैग भाड़ा देना होता है। ऐसे में उसे जोड़कर 5 रूपए मुनाफा लेकर खाद को बेचना व्यापारियों की मजबूरी हो जाती है।

### सत्संग 20 को

**राजनांदगांव।** ग्राम सुकुलदैहान पेंडरी में 20 जुलाई को गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर आध्यात्मिक सत्संग एवं नवनिर्मित धर्मशाला भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित है। सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव से लगातार चातुर्मास अंतर्गत आध्यात्मिक दिव्य सत्संग-भजन का आयोजन निरंतर विगत छह-सात वर्षों से क्षेत्रिय श्रद्धालुओं द्वारा सत्संग कार्यक्रम चलाते आ रहे। इस चातुर्मास आयोजन समिति के संरक्षक गुलाब वर्मा, अध्यक्ष नरबद वर्मा, वीपी वर्मा के संयुक्त तत्वावधान में किया जाता है।

#### पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 •89595-44444

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण संरक्षण के लिए करें पौधरोपण : कलेक्टर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए खाली जगहों पर वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। कलेक्टर अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सोमवार को दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव परिसर में फलदार, छायादार एवं सुगंधित फूल के पौधे रोपित किए। उन्होंने दिग्विजय स्टेडियम परिसर में बादाम, करंज, कदम, मधुकामिनी, मौलश्री जैसे विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए। कलेक्टर ने कहा कि इस बारिश के मौसम में अपने-अपने घरों एवं आसपास के खाली जगहों में छायादार एवं फलदार पौधे अधिक से अधिक लगाएं। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सभी का दायित्व है। इससे हमारा जिला हराभरा हो जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी अजय जायसवाल ने भी पौधरोपण किया। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहारे, केआर राव, रणविजय सिंह, महेन्द्र सोनी, अनुराज श्रीवास्तव, नगर निगम की टीम एवं दिग्विजय स्टेडियम समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### अपनी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर रहे पटवारी

# पटवारियों की हड़ताल जारी राजस्व संबंधी मामले अटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भुईयां साफ्टवेयर में विसंगति सहित अन्य मांगों को लेकर राजस्व पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही।

प्रदेश पटवारी संघ के आवहान पर हड़ताल मे काबिज जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कांडे, प्रदीप मिश्रा, प्रेम देवांगन, आकाश सिंह राजपूत, सफीर अहमद खान, नवीन बोरकर, लोकेश साहू, शंभवी तिवारी, तारिणी देशमुख, प्रमोद चंदेल, भुनेश्वर वर्मा, सीएल जांगड़े, अंशुमन लोधी, वाणी झा, रविचंद नेताम, खेमलाल चंदेल, केके पटेल, एसी गायकवाड़, गजेंद्र राणी, विकल्प यदु, अमित श्रीवास्तव, शिवलाल टंडन, भारती शर्मा, इरफान खान, गोविंद जोशी सहित दोनों ब्लाक के पटवारियों ने बताया कि पुरानी मांग और समस्या को लेकर उनके द्वारा शासन को पहले ही सूचना दे दी गई थी। उन्होंने बताया कि आनलाईन काम करने जरूरी संसाधन कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट कनेक्शन नही होने के कारण उन्हें अपने खर्च से काम करना पड़ता है।

आनलाईन बटांकन, संशोधन जैसे काम के लिए आरआई के आईडी में भेजने से अनावश्यक विलंब होता है। भुइयाँ में जिला स्तर पर नियुक्त प्रोग्रामर को राजधानी में बिठाने से बार-बार राजधानी का चक्कर काटना पड़ता है और उसमे लगने वाले समय से किसान ज्यादा परेशान होता है। हड़ताल में काबिज पटवारियों ने कहा कि भुईया में नित नवीन प्रयोग से किसानों की समस्या बढ़ते जा रही है। अपग्रेडेशन सहित समय समय पर आवश्यक सुधार की जानकारी देने जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाए अन्यथा पटवारी का पद ही समाप्त कर दिया जाए ताकि पटवारी परेशान ना हो।




#### साफ्टवेयर में तकनीकी त्रुटि बन रही समस्या

लगातार पत्र व्यवहार कर अपनी पीड़ा बताने के बाद भी सकारात्मक पहल नही होने के कारण हड़ताल पर मजबूरी में जाने की बात साथ पटवारियों ने बताया कि जमीन खरीदने बेचने संबंधी प्रक्रिया, दूसरे प्रदेशो से आए व्यक्तियो द्वारा खरीदी बिक्री के दौरान मूल प्रदेश की जाति का उल्लेख किया जाता है जिसका दस्तावेजी आधार पर प्रविष्टि से उनको अनुचति लाभ हो ता है इसलिए युक्तियुक्त सुधार किया जाए। पटवारी आईडी मे संकलन, विलोपन, संशेधन का आप्शन मौजूद नही है इसके बाद भी उन्हें इसका दोषी माना जा रहा है। कर्ज राशि जमा करने के बाद भी आनलाईन भुइयाँ में जमीन बंधक का दोष भी किसान उन पर डालता है। हड़ताली पटवारियों ने बताया कि लगातार इन सब मामलों में सरकार का ध्यानाकर्षण कराने के बाद भी उनके हितों को लेकर कोई पहल नही की गई जिसके चलते प्रांतीय आव्हान पर उन्हे हड़ताल के लिए बाध्य होना पड़ा है।

#### राजस्व पखवाड़े पर मंडराया संकट का बादल

जिले के 107 हल्का क्षेत्र को महज 66 पटवारी ही पदस्थ है जिसके चलते उन्हें दो से तीन हल्कों का काम संभालना पड़ रहा है। उस पर उनकी हड़ताल से राजस्व संबंधी मामलों के निराकरण मे लगभग विराम लग गया है वही 13 जुलाई को जनसमस्या निवारण शिविर और राजस्व पखवाड़े का शुभारंभ होना है जहाॅ ढाई हजार से उपर मामलों को निपटाने की तैयारी थी, लेकिन हड़ताल के चलते शिविर आयोजन पर भी संकट का बादल मंडरा रहा है। स्कूल कालेज मे प्रवेश के लिए जरूरी आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र बनवाने रोज सैकड़ों लोग भटक रहे है।

# तीन साल से ज्यादा समय से गायब चार पर गिरी गाज

### कलेक्टर के निर्देश बाद सभी बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बिना किसी पूर्व सूचना के लंबे समय से अनुपस्थित तीन अलग-अलग संवर्ग शिक्षकों सहित एक कर्मचारी सेवा से पृथक हुए। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी और जनपद सीईओ ने बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया है।

अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित सरकारी कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई को लेकर कलेक्टर के निर्देश बाद जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने छग सिविल सेवा आचरण वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 - 10 (8) अंतर्गत भूपेंद्र सिंह बैस सहायक ग्रेड 3 शासकीय उमा शाला मुढ़ीपार और सीमा अग्रवाल शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला हीरावाही की सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है।

इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शिशिर शर्मा ने अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षक मोहेंद्र कुमार वर्मा सहायक शिक्षक पंचायत शासकीय प्राथमिक शाला करेला और संजय धुर्वे प्राथमिक शाला पांडुका को सामान्य प्रशासन समिति की 27 जून में पारित प्रस्ताव के आधार पर सेवा से पृथक कर दिया है।

#### 28 सालों से गायब था सहायक ग्रेड दो

पांडुका प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक संजय धुर्वे लगभग 13 साल से और करेला प्राशा में पदस्थ सहायक शिक्षक मोहेंद्र कुमार वर्मा लगभग सात साल से दोनों निवासी जिला दुर्ग नियुक्ति के बाद से शालेय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरत रहे थे। विभाग ने अनेक बार नोटिस जारी कर समाधानकारक जवाब मांगा था। प्रतिउत्तर नही मिलने पर मामला नियोक्ता जनपद पंचायत कार्यालय पहुँचा जहाॅ सामान्य प्रशासन विभाग के सदस्यों ने सर्वसम्मति से दोनों की बर्खास्तगी पर मुहर लगाई है। वही मुढ़ीपार उमा शाला में सहायक ग्रेड तीन भूपेंद्र सिंह बैस विभाग को बिना सूचना दिए 1997 से गायब था। विभाग ने अनुपस्थिति को लेकर सालों पत्र व्यवहार किया, लेकिन कोई संतुष्टिकारक जवाब नही मिलने के बाद उसके खिलाफ बर्खास्तगी की कारवाई की गई। इसी प्रकार प्राथमिक शाला हीरावाही में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी सीमा अग्रवाल भी 2019 से लगातार अनुपस्थित थी। मामले में नोटिस का संतोषप्रद जवाब नही मिलने के बाद उन्हें भी सेवा से पृथक कर दिया गया। गौरतलब है कि शासन ने पहले बिना किसी सूचना के पांच साल तक अनुपस्थित रहने वालों को सेवा से पृथक करने का आदेश जारी किया था जिसे 2018 मे संशोधित कर तीन साल कर दिया गया है। विभाग ने पाया कि ब्लाक के अलग-अलग शालाओं में कार्यरत तीनों शिक्षक व एक लिपिक लगातार तीन सालों से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है जिसके बाद कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर कारवाई विभाग ने बर्खास्तगी की कारवाई की है।

# जिला स्काउट गाइड की बैठक में वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा

### गोलछा को उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर किया सम्मानित

- अन्य विषयों पर भी की गई चर्चा
- वार्षिक प्रतिवेदन अनुमोदित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला स्काउट-गाइड की वार्षिक बैठक डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में आयोजित किया गया। जिसमें प्रस्तावित वार्षिक कार्यक्रम 2024-25 एवं वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 एवं अन्य विषय पर चर्चा कर अनुमोदित किया गया।

बैठक में जिला स्काउट-गाईड संघ के आजीवन सदस्य राजेन्द्र गोलछा को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए राजेन्द्र गोलछा को जिला स्काउट-गाइड के आजीवन सदस्य महेश खंडेलवाल, दविंदर सिंह भाटिया, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, डॉ. मिलन टेम्भूरकर, राकेश भावते, वर्षा अग्रवाल एवं साधारण सदस्य घनश्याम दास साहू एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट अभय कुमार जायसवाल सहित अन्य सदस्यों ने बधाई दी। इस दौरान हिमाचल प्रदेश के कुल्लु-मनाली में आयोजित राज्य स्तरीय पर्वतारोहण आपदा प्रबंधन व्यक्तित्व विकास साहसिक गतिविधि शिविर में शामिल हुए। जिले के 3 स्काउट रोवर एवं 7 गाइड रेंजर तथा जिला प्रभारी स्काउटर नीलकंठ धुर्वे एवं गाइडर सरिता साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव पदेन सहायक जिला आयुक्त गाइड भारती आहूजा आर्य, जिला मुख्यालय आयुक्त गाइड उषा चटर्जी, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख श्रीवास्तव, देवेंद्र अम्बादे एवं वरिष्ठ स्काउटर विकासखंड सचिव स्काउट गाइड हनुमान दास साहू, लेखराम वर्मा, डेहर साहू, टोमन पटेल, रामलाल चंद्रवंशी, हेमंत देशमुख सहित जिले के प्रशिक्षित स्काउटर-गाइडर, स्काउट-गाइड प्रभारी उपस्थित थे।

#### पौधों की सुरक्षा के निर्देश

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा ने बताया कि राज्य मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार जिले में 7 जुलाई को वृहद पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वृहद पौधरोपण के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघेरा, महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, बीटीआई डोंगरगढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुंदा, कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ परिसर का चयन किया गया है। उन्होंने वृहद पौधरोपण के लिए संबंधित विद्यालयों के स्काउट-गाइड प्रभारियों को स्काउट-गाइड एवं अन्य बच्चों से पौधरोपण कराने तथा पौधों की सुरक्षा के निर्देश दिए। साथ ही वार्षिक कार्यक्रमों में सक्रियता से कार्य करने कहा। जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट अभय कुमार जायसवाल ने गत वर्ष स्काउट-गाइड द्वारा किए गए गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने इस वर्ष स्काउट-गाइड द्वारा किए प्याऊ सेवा, मां बम्लेश्वरी पैदलयात्री सेवा, पंडाल सेवा सहित अन्य सेवा के संबंध में जानकारी दी।

# जनसमस्या निवारण शिविर को लेकर अधिकारी रहे तैयार

### विभागीय समीक्षा कर दिए गए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक टीएल बैठक मे कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जनसमस्या निवारण शिविर की तैयारियों सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश जारी किया।

13 जुलाई से 28 दिसंबर तक जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन को लेकर सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने कहा। आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता और आईडी की जानकारी ली। विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया की आभा हेल्ड आईडी है, जो सभी नागरिकों के लिए जारी किया जाएगा। इसके माध्यम से उनके स्वास्थ्य संबंधित दस्तावेज को एक जगह



डिजिटल रूप में अपलोड किया जाएगा ताकि देश के किसी भी स्थान पर इलाज के दौरान उक्त आईडी के माध्यम से पीड़ित का स्वास्थ्य संबंधी रिपोर्ट देखा जा सके। मोबाइल टावर संचालको द्वारा लंबे समय से राशि नही पटाए जाने की जानकारी लेकर पंचायतों को संबंधित टॉवर कंपनियों को नोटिस जारी करने कहा।

#### भवन निर्माण की करे मानीटरिंग

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने विभागीय अधिकारियों से कहा की किसी भी सेवानिवृत्त कर्मचारी का पेंशन संबंधी कोई भी प्रकरण लंबित नही रखे उसका शीघ्र निराकरण करे। शिक्षा विभाग से जिले में बालवाड़ी संचालन की जानकारी ली और सीएम स्कूल जतन योजना के क्रियांवयन को लेकर कहा कि जिन स्कूलों के निर्माण कार्यों में पंचायत एजेंसी है, उन पंचायतों का नियमित निरीक्षण कर कार्य प्रगति की लगातार समीक्षा करे। उन्होंने कहा की जिले में दूसरी बार व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का संचालन किया जाना है जिसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारी आवश्यक तैयारी पहले से सुनिश्चित करे। उन्होंने मुख्यमंत्री जन चौपाल, मुख्यमंत्री जन शिकायत और कलेक्टर समक्ष प्राप्त जन शिकायतों, मांगों, समस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। इस अवसर अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, डीईओ लालजी द्विवेदी, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, प्रभारी उप संचालक उद्यान रविन्द्र कुमार मेहरा, सीएचएमओ गणेश वैष्णव सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# शाला परिवार ने दी प्राचार्य को विदाई

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक शाला चेन्द्रीबन नवागाँव से सेवानिवृत्त प्राचार्य हेमनलाल हिरवानी के सेवानिवृत्त होने पर शाला एवं संकुल परिवार ने विदाई समारोह आयोजन किया। अतिथि श्री हिरवानी, उनकी पत्नी तिलेश्वरी हिरवानी थी। अध्यक्षता प्राचार्य निमिषा भुआर्य ने की। विशेष अतिथि एसआर खांडेकर, सरोज साहू, केके साहू, बीआर करसेल, आरके साहू, घनश्याम दास हिरवानी, डिलेश मारगिया, रैनूराम साहू, कंवलसिंह देवांगन, तेजराम साहू, मिनहाज खान, जीआर यदु थे।शुभारंभ और स्वागत के बाद चेतन साहू ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। अतिथियों ने प्राचार्य हिरवानी की शिक्षकीय यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर में चेंदरी बन नवागाँव, सिर्राभांठा, बोईरडीह, रानीतराई, भांठापारा शाला के शिक्षक, शाला विकास समिति के पदाधिकारी, ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# रेडक्रास सोसायटी की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव के कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने रेडक्रास एवं नगर निगम को संयुक्त रूप से रैन बसेरा संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में सोसायटी द्वारा ग्राम ठाकुरटोला में वृहद पौधरोपण करने, डोंगरगांव में वृद्धाश्रम संचालित करने, शासकीय मेडिकल कॉलेज पेंड्री में आश्रय स्थल संचालित करने के संबंध में चर्चा की गई।

#### विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

बैठक में बताया गया कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। राजनांदगांव शाखा में आजीवन सदस्यों की संख्या 1086 है। वर्ष 2023-24 में अब तक 554 आजीवन सदस्य बनाए गए हैं। इसके अलावा बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल सहित भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव के उपाध्यक्ष दामोदर दास मुंदड़ा, उपाध्यक्ष नंदकुमार अग्रवाल, सीएमएचओ एवं सचिव नेतराम नवरतन, कोषाध्यक्ष प्रकाश सांखला, सह-सचिव सुशील जैन, जिला संगठन प्रबंधक प्रदीप शर्मा, शांतिलाल सुराणा, राजेश कुमार बाफना, प्रकाश राठौर, भावेश अग्रवाल, हेमंत तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### राम मंदिर में कार्यक्रम आयोजित कर जताया आभार

# भाजपा ने किया मतदाताओं का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




लोकसभा चुनाव में तीसरी दफे भाजपा पर भरोसा जताकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने मतदाताओं के सहयोग को देखते हुए भाजपा ने राम मंदिर मे कार्यक्रम आयोजित कर उनका अभिनंदन किया।

विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं व मतदाताओं के सम्मान कार्यक्रम मे सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि वो आज जो कुछ भी है उसके पीछे कार्यकर्ताओं की मेहनत है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम व कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने जिन चार विधानसभा क्षेत्र को जीतने के लिए चिन्हांकित किया था उसमें से एक खैरागढ़ भी था किन्तु आप सबने अपनी मेहनत और आशीर्वाद से विधानसभा में लीड दिलाकर उनके इरादे पर पानी फेर दिया। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद अब पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक सीट में जीत हासिल करने हमें तैयार रहना है, ताकि हमारे लोग पंचायत और वार्डों में निर्वाचित होंकर अंत्योदय योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा पाए।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार केंद्र में अच्छा काम कर रही है और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में सांसद संतोष पांडेय ने कई बड़े काम किए हैं उन्होंने कहा कि संसद में जिस प्रकार उन्होंने अपने वक्तव्य से अखिलेश यादव व कांग्रेस नेताओं की बोलती बंद कर दी थी ऐसे संतोष पांडेय को जीताने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप सबकी रही जिसके लिए हम सब आपके आभारी है।

#### भूपेश का घमंड तोड़ा

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सांसद संतोष पांडेय के काम और सबकी मेहनत और आशीर्वाद का नतीजा है जो प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेता को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज हम सब इकत्रित हुए हैं उसका कारण यह है कि लोकसभा चुनाव में आपकी मेहनत और आशीर्वाद से जो परिणाम भाजपा के पक्ष में आया है उसका श्रेय आप सबको जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ये घमंड हो गया था कि वो किसी भी लोकसभा सीट से चुनाव लड़कर जीत सकते हैं, लेकिन आप सबने उनके घमंड को चूर-चूर कर दिया। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि हम सभी आप सब कार्यकर्ताओं व मतदाताओं का आभार करते हैं जिनकी बदौलत ही लोकसभा चुनाव में खैरागढ़ विधानसभा सीट से बढ़त मिली। उन्होंने सांषद संतोष पांडेय द्वारा संसद में दिये उद्बोधन को लेकर कहा कि हमारे सांसद ने ने संसद में जो उद्बोधन दिया उसकी चर्चा चारों ओर हो रही है ऐसे नेता को आप सबकी मेहनत और आशीर्वाद से दूसरी बार सांसद बनने का अवसर मिला उसका श्रेय आप सबको जाता है। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानदास बंजारे व आभार प्रदर्शन अनिल अग्रवाल ने किया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी मूलचंद लोधी, संयोजक टीके चंदेल, महामंत्री रामाधार रजक, पूरन जंघेल, विकेश गुप्ता, खम्मन ताम्रकार, भागवत शरण सिंह, गिरिजा चंद्राकर, चंद्रशेखर यादव, विरेन्द्र जैन, राकेश गुप्ता, निजाम मंडावी, अनिल अग्रवाल, राजेश मेहता, नेतराम जंघेल, विनय देवांगन, राकेश ताम्रकार, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ती वर्मा, आलोक श्रोती, आलोक श्रीवास, हेमू दास साहू, टिलेश्वर साहू, नरेन्द्र श्रीवास, केशव चंदेल, चंदू वर्मा, हरप्रसाद वर्मा, राकेश ठाकुर, शशांक ताम्रकार, आयश सिंह बोनी, विनय चोपड़ा, मंजीत सिंह,अवध वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता व मतदाता मौजूद थे।

# शिल्पकार की तरह शिक्षक गढ़ते हैं बच्चों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सांसद संतोष पांडेय पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान महापौर हेमा देशमुख उपस्थित थी। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। बच्चों को पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश तथा साइकिल का वितरण किया गया और विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित भी किया गया। सांसद संतोष पांडेय ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि जिस प्रकार छैनी हथौड़े से मूर्ति बनाया जाता है, उसी प्रकार शिक्षक बच्चों को शिक्षा-दीक्षा देकर शिल्पकार के रूप में बच्चों के भविष्य को गढ़ते हैं। सांसद ने बच्चों को इंजीनियर, न्यायधीश, राजनेता, पुलिस सहित प्रशासनिक अधिकारी बनने प्रोत्साहित किया।

महापौर हेमा देखमुख ने बच्चों को लगन से मेहनत कर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्या से ही विनम्रता आती है, ज्ञान मिलता है, जब ज्ञान मिलता है तभी सम्मान मिलता है। प्राचार्य ने संस्था की उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर भरत वर्मा, रमेश पटेल, शिव वर्मा, राजेश श्यामकर, देवशरण सेन, किशुन यदु, गप्पू सोनकर, रघुवीर वाधवा, आकाश चोपड़ा, आलोक श्रोती, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

## सार समाचार

### प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित

**राजनांदगांव।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि परीक्षा परिणाम का अवलोकन वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in पर किया जा सकता है। परीक्षा परिणाम के संबंध में विद्यार्थी का रोल नंबर, नाम में कोई विसंगति हो तो अभ्यावेदन में पूर्ण विवरण एवं मोबाईल नंबर देते प्रमाण स्वरूप प्रवेश पत्र के साथ संलग्न कर 14 जुलाई रात्रि 12 बजे तक ई-मेल आईडी abhyavedan.emrs.adm@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### शहर के भीतरी भाग में करें सफाई निरीक्षण

**राजनांदगांव।** नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणात्मक सुधार लाने नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सुबह सफाई की मानिटरिंग कर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसी कडी में उनके द्वारा मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, बांसपाई पारा, चौखडियापारा में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर सफाई में सुधार लाने तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने लोगों को समझाई देने के निर्देश दिए। सफाई मानिटरिंग में आयुक्त गुप्ता सुबह मानव मंदिर चौक, गांधी चौक में सफाई कार्य का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से चर्चा कर कहा कि झिल्ली पन्नी फंसने के कारण पानी निकासी नहीं हो पाता और नाली जाम होने से बारिश में पानी सड़कों पर आ जाता है। इसे ध्यान में रखकर नाली-नालों की अच्छे से सफाई करें, झिल्ली पन्नी प्रतिदिन निकाले। जिससे फंसने की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि मानव मंदिर चौक, गांधी चौक शहर का प्रमुख क्षेत्र है, इसके अलावा आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई में सुधार की आवश्यकता है। सभी सफाई कर्मी प्रातः दुकानें खुलने के पूर्व सफाई कर कचरा उठाना सुनिश्चित करें। साफ-सफाई रखने झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने लोगों को समझाईस दें। आयुक्त गुप्ता चौखडिया पारा में झुलेलाल मंदिर के पास जाम नाली के कारण पानी भरान की स्थिति पर तत्काल नाली को अच्छे से साफ कर झिल्ली पन्नी निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाली में जाली लगाएं। जिससे झिल्ली पन्नी पुलिया में न फंसे और झिल्ली पन्नी असानी से निकाला जा सके। उन्होंने प्र. स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा से कहा कि वर्तमान में निगम के सफाई कर्मी एवं प्लेसमेंट कर्मियों से शहर में सफाई कार्य कराया जा रहा है। सभी सफाईकर्मी लगन से निर्धारित समय दोपहर 1 बजे तक सफाई करना सुनिश्चित करेंगे। बारिश एवं मौसमी बीमारी को भी ध्यान में रखकर अच्छे से कार्य करेंगे, लोगों को कचरा सडक में न फेंकने, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाडी में डालने, साफ-सफाई रखने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने समझाईस देंगे।

### स्पर्धा में वाईडनर स्कूल बनी उपविजेता

**राजनांदगांव।** जगदलपुर में गत दिनों आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो कप



फुटबॉल स्पर्धा-2024 में वाईडनर स्कूल राजनांदगांव ने दुर्ग संभाग की ओर से प्रतिनिधित्व करते 17 वर्ष बालक वर्ग फुटबॉल टीम ने फाइनल में पहुंचकर उपविजेता रही। शाला के मैनेजर फॉदर जोसेफ राज, प्राचार्य फॉदर टी. अमलसीलन एवं शाला परिवार ने खिलाड़ियों एवं कोच डेनियल फ्रांसिस, विनीत, तरन राजेश को शुभकामनाएं दी।

### केंद्रीय मंत्री खट्टर का स्वागत



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल मंत्री मनोहरलाल खट्टर का आज रायपुर आगमन पर प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में विशेष रूप से सम्मान किया और छत्तीसगढ़ आगमन पर आभार व्यक्त करते प्रदेश सरकार के किसान हित में चल रही योजनाओं की जानकारी भी दी। इस दौरान कोमल सिंह राजपूत के साथ किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिरेंद साहू, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री राजा मखीजा साथ में थे।

## पृष्ठ 11 का शेष

### बाईक चोरी का...

बुलेट और हीरो बाईक बरामद- साथ ही ग्राम पदमुतरा में एक हीरो मोटर साइकिल को चोरी करना बताया। आरोपी के कब्जे से एक बुलेट रॉयल इनफिल्ड कीमती 80 हजार रुपए, एक हीरो मोटर साइकिल कीमती 30 हजार रुपए, एक वन प्लस मोबाईल कीमती 10 हजार रुपए जुमला कीमती एक लाख 20 हजार रुपए को जब्त किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

### दोपहर डेढ़ बजे से...

द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका शामिल हुई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 26 हजार रुपए और सहायिकाओं को प्रतिमाह 18 हजार रुपए मानदेय दिया जाए। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने 2 हजार रुपए की राशि फैक्सी फंड के लिए देने सहित 10 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन देने की मांग की है। दोपहर डेढ़ बजे लगा देंगे तला- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा है कि कल से कोई भी कार्यकर्ता व सहायिका शासन द्वारा दी गई साड़ी पहनकर कार्य पर नहीं जाएगी। वहीं आंगनबाड़ी का संचालन अभी दोपहर 3.30 बजे तक होता है, कल से सुबह 9.30 से दोपहर 1.30 बजे तक ही आंगनबाड़ी का संचालन किया जाएगा और दोपहर डेढ़ बजे के बाद आंगनबाड़ियों में ताला लगा दिया जाएगा।

## अध्यापन व्यवस्था के नाम पर आदेश किसी और स्कूल का और ज्वाईनिंग कहीं और

# 140 शिक्षकों के अटैचमेंट से वनांचल में पढ़ाई ठप, कलेक्टर ने तीन बीईओ को किया तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

प्रधान पाठकों को बता दिया गया अतिशेष, व्याख्याताओ का मैचुअल अटैचमेंट, अंतर विकासखंड संलग्नीकरण, अध्यापन व्यवस्था के नाम पर आदेश किसी और स्कूल का और ज्वाईनिंग कहीं और मोहला मानपुर- अंबागढ़-चौकी जिले में छात्रहित और अध्यापन व्यवस्था के नाम पर शिक्षा विभाग के अफसरों ने खेलाकर अपनी तिजोरी भर ली है।

सरकारी नियमों के खिलाफ जाकर जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर लगभग 140 शिक्षक-शिक्षिकाओं का अटैचमेंट से जिले के दर्जनों स्कूल एकल विद्यालय में परिवर्तित हो गए हैं, जहां पढ़ाई पूरी तरीके से ठप पड़ी हुई है। इधर थोक में किए गए अटैचमेंट की खबर हरिभूमि में प्रकाशन होने के बाद कलेक्टर एस. जयवर्धन ने संलग्नीकरण के नाम पर बोगस प्रस्ताव देने वाले तीनों विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से जवाब मांगा है।

हाल ही में पदस्थ हुए जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेलाल कोसरिया सहित तीनों विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के कमाऊ नीति के चलते अंधेरगर्दी चौपट राजा की तर्ज पर लगभग 142 सहायक शिक्षक एलबी, सहायक शिक्षक विज्ञान, प्रधान पाठक, व्याख्याता, शिक्षक एलबी का व्यवस्था के नाम पर अलग-अलग तारीखों में गुपचुप अटैचमेंट कर दिया गया है। जिले में अध्यनरत आदिवासी अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य गर्त में डालने के इस गंभीर मामले में नियमों के खिलाफ जाकर प्रधानपाठकों को जहां अतिशेष बता दिया गया है। वहीं व्याख्याताओं का म्युचुअल संलग्नीकरण, अंतर विकासखंड अटैचमेंट करने के साथ-साथ अध्यापन व्यवस्था के नाम पर आदेश किसी और स्कूल का हुआ है और ज्वाईनिंग कहीं और कराया गया है। गौरतलब है कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में स्थापित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अपने कमाऊं नीति, नियमों के खिलाफ जाकर बोगस निर्देश पारित करने के साथ-साथ यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खेलने प्रख्यात हो गया है। 12, 14 और 25 जून को पृथक-पृथक तौर पर तीनों विकासखंड के बीईओ के प्रस्ताव पर जिला शिक्षा अधिकारी के कलम से प्रधान पाठक, व्याख्याताओं को अतिशेष बताकर अध्यापन व्यवस्था के नाम पर अटैच कर दिया गया है। जबकि संस्था प्रमुख प्रधान पाठक अतिशेष हो ही नहीं सकते। वहीं व्याख्याता का अटैचमेंट करने का पावर जिला शिक्षा अधिकारी के पास नहीं है।




#### मूल पदस्थापना से बाहर पोस्टिंग

पृथक-पृथक तौर पर शिक्षा विभाग द्वारा किए गए अटैचमेंट के आदेश लिस्ट में बेहद खामियां है। आदेश के तहत जो शिक्षक और शिक्षिकाएं अतिशेष नहीं हैं, उन्हें व्यवस्था के नाम पर किसी अन्यत्र स्कूल में संलग्नीकरण का आदेश किया गया है। ज्वाईनिंग किसी और शालाओं में करा दी गई है।

#### छात्रहित के नाम पर तिजोरी भरने का काम

मामले को लेकर जो खबरें सामने आ रही है, उसके मुताबिक अटैचमेंट का व्यापार कर रहे शिक्षा विभाग के खिलाफ गंभीर लेनदेन करने की चर्चा है। विभाग के तानाशाही व्यवस्था के बीच मनचाहे जगह पर अटैचमेंट के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओ से लंबा रकम लेने की खबरें है। मामला उजागर होने के बाद अधिकारी इसे छात्रहित में अध्यापन व्यवस्था करने की बात कह रहे हैं।

#### व्याख्याताओं का मैचुअल अटैचमेंट

अपने अधिकारों का हनन करते जिला शिक्षा अधिकारी फतेलाल कोसरिया ने प्रधान पाठकों को अतिशेष बताकर उन्हें अन्यत्र अटैच कर दिए हैं। वहीं हाईस्कूल वासड़ी में पदस्थ व्याख्याता संस्कृत विजय लहरे को पाटनखास में पदस्थ व्याख्याता संस्कृत को वासडी हाईस्कूल म्युचुअल अटैचमेंट कर दिए हैं। जबकि व्याख्याताओं को अटैच करने का पावर जिला शिक्षा अधिकारी के पास नहीं है।

#### अंधेरे में बच्चों का भविष्य

पूरे प्रदेश में अटैचमेंट का यह बेहद बड़ा मामला है। जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपने पावर का दुरूपयोग करते पैसों के लिए इस जिले के स्कूलों में अध्यनरत छात्राओं को अंधेरे में धकेल दिया है। - **इंद्रशाह मंडावी,** विधायक, मोहला-मानपुर

#### अटैचमेंट से स्कूलों में पढ़ाई ठप

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। इस बीच बड़े पैमाने पर लेनदेन कर शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके मनचाहे जगहों पर मूल पदस्थापना से पृथक संकुल से बाहर अंतर ब्लॉक अटैचमेंट करने से मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी विकासखंड के दर्जनों स्कूलों में पढ़ाई है। इस दिशा में विभाग कुछ नहीं कर पा रहा है।

## घर में रखी थी शराब, देशी व अंग्रेजी शराब बरामद

### दो आरोपियों पर पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिक्री करने हेतु घर में अवैध रूप से शराब रखे जाने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर देशी एवं अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी रमेश बंजारे पिता सुकालूराम बंजारे 49 वर्ष निवासी ग्राम कोपेडीह के मकान पहुंचकर तलाशी लिया तो आरोपी रमेश बंजारे के मकान के परछी बैठक हाल से एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में 88 पौवा देशी प्लेन शराब, एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में 98 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की, एक प्लास्टिक की बोरी में 14 पौवा अंग्रेजी गोवा स्पेशल व्हीस्की, एक बोरी में 12 बोतल अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब, एक प्लास्टिक की बोरी में 5 बोतल अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब कीमती 34,840 रुपए को जब्त किया।

#### शराब सहित कार जब्त

आरोपी रमेश बंजारे से गवाहों के समक्ष पूछताछ किया गया, जो अपने सहयोगी हेमकुमार बंजारे के साथ शराब दुकान से 4- 4 पौवा कर दोनों मिलकर खरीदना एवं उक्त शराब को अपने वाहन कार मारूति आल्टो में हेमकुमार बंजारे द्वारा परिवहन करना बताया। आरोपी हेमकुमार बंजारे पिता रमेश बंजारे 26 वर्ष साकिन ग्राम कोपेडीह द्वारा सहयोग करने पाए जाने मामले में आरोपी हेमकुमार बंजारे अवैध शराब खरीदी-बिक्री एवं परिवहन करने में पूर्ण संलिप्तता पाए जाने से आरोपी हेमकुमार बंजारे के कब्जे से शराब परिवहन में उपयोग किए गए कार मारूति आल्टो को जब्त किया गया। आरोपियों द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर दोनों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### अब 15 को होगा प्रकाशन, 25 तक दावा-आपत्ति

**राजनांदगांव।** निकाय चुनाव से पहले की जा रही सीमांकन प्रक्रिया में मंगलवार को प्रथम प्रकाशन से पहले ही इसकी अवधि बढ़ा दी गई है। प्रदेश सरकार की तरफ से आदेश जारी कर अब 15 जुलाई को प्रथम प्रकाशन और 25 जुलाई तक दावा-आपत्ति की अवधि तय की गई है। ऐसा माना जा रहा है कि सभी निकाय में तय समय पर परिसीमन नहीं होने से यह बदलाव किया गया है। उल्लेखनीय है कि साल अंत में नगरीय निकाय के चुनाव होने हैं। ऐसे में हर निकाय चुनाव से पहले परिसीमन की प्रक्रिया की जाती है।

## श्रीहनुमंत यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा 13 से



**राजनांदगांव।** संस्कारधानी में गुरू पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धिजन कल्याण अर्थ के लिए 13 से 20 जुलाई तक श्री हनुमंत यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जितेन्द्र सिन्हा ने जानकारी देते कहा कि 13 जुलाई को भव्य कलश यात्रा एवं वेदी पूजन 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं भंडारा संत बर्फानी दादा आश्रम पाताल भैरवी मंदिर राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। कथा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक इसका सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल मुकुंद महाराज पर प्रसारित होगा। कथावाचक राष्ट्रीय सुप्रसिद्ध कथा प्रवक्ता मुकुंद कृष्ण महाराज राका डोंगरगढ़ होंगे। यह आयोजन गोविंददास महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा।

## मोहला में भाजपा का मतदाता अभिनंदन समारोह आज

- सांसद संतोष रहेंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला भाजपा के आह्वान पर कल 11 जुलाई को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में भाजपा के कार्यकर्ता तथा आम मतदाताओं को लोकसभा राजनांदगांव में प्रचंड जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित की है। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय रहेंगे। कार्यक्रम स्थल सामुदायिक भवन मोहला में 11 बजे आयोजित की गई है कार्यक्रम को सफल बनाने जिलाध्यक्ष भाजपा मदन साहू व महामंत्री नम्रता सिंह जुटे हुए हैं।




# भुरवाटोला में एसडीएम, एसडीओपी और थाना प्रभारी ने ली शांति समिति की बैठक

- गांव में शांति एवं धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए दी गई समझाईस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



शहर के अटल आवास भुरवाटोला वार्ड 20 स्थित डोंगरगढ़ में स्थित शासकीय भूमि को लेकर विगत दिनों से मोहल्ले वासियों के दो पक्षों के बीच में वाद-विवाद एवं धार्मिक तनाव का महौल बना हुआ था। जिसे देखते हुए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने शांति समिति की बैठक आयोजित की एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। मोहल्ले वासियों के वाद-विवाद एवं धार्मिक तनाव को बढ़ते हुये देखकर बुधवार को खेमलाल वर्मा एसडीएम डोंगरगढ़, आशिष कुंजाम एसडीओपी डोंगरगढ़ एवं निरीक्षक जितेंद्र वर्मा थाना प्रभारी डोंगरगढ़ द्वारा भुरवाटोला में शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया । जिसमें भुरवाटोला के सभी समुदाय वर्ग के प्रमुखजन, महिलायें, पुरूष एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित हुये।

#### सौहार्द्र बिगाडने वालों पर होगी कार्रवाई

बैठक में दो पक्षों के बीच शासकीय जमीन को लेकर उत्पन्न हुये विवाद के संबंध में आवश्यक चर्चा किया जिस पर बैठक में उपस्थित सभी लोगों के सर्वसम्मति से उक्त विवादित भूमि को नगर पालिका के सहयोग से सार्वजनिक उपयोग हेतु जैसे- खेल मैदान, ओपन जिम आदि उपयोग हेतु विकसित करने का निर्णय लिया गया एवं लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर मोहल्ले में शांति व्यवस्था एवं धार्मिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की गई साथ ही शांति व्यवस्था एवं धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले व्यक्तियों पर शख्त कानुनी कार्यवाही करने की हिदायत दिया गया।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला मक्के में अंगना म शिक्षा 4.0 कार्यक्रम सपंन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में पढ़ाई-तिहार अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक-शिक्षिकाओं व एक्टीव मदर ग्राम पटेल, सरपंच, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सदस्यों व पालकों तथा छात्र छात्राओं के साथ मनाया गया। साथ ही साथ स्मार्ट माता को सम्मानित किया गया वहीं विद्यार्थियों द्वारा स्वागत नृत्य किया गया, जिसमें संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन, पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक अशोक पांडेय, शिक्षक कपूरराम चंद्रवशी, कौशल खण्डे, युगलकिशोर साहू, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष ज्योति साहू, सदस्य मधु साहू, राजकुमारी साहू, इंद्राणी साहू, तुलेश्वरी साहू, हेमलता मानिकपुरी, सुकृति साहू, दुखिया साहू, पालक गण, ग्राम पटेल कुमार साहू, सरपंच मुक्तानंद साहू, सदस्य भोलाराम साहू, नंदकिशोर साहू, जलेश साहू, पूर्व माध्यमिक अध्यक्ष मनोहर साहू, मनहरण साहू, रसोईया मोहित साहू, रजन साहू सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### अंगना म शिक्षा 4.0 का सफल आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखंड कवर्धा में अंगना म शिक्षा 4.0 का सफल आयोजन किया गया। जिसमें पढ़ाई तिहार अंतर्गत अंगना म शिक्षा 4.0 कार्यक्रम को पूरे प्रदेश में मनाया गया, इस कार्यक्रम का उद्देश्य माता का उन्मुखीकरण है, माता को शाला से जोड़ना व छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास खेल-खेल विद्यार्थियों को घर में सीखना व विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कवर्धा ब्लॉक में सभी शासकीय स्कूलों में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें कवर्धा जिला डीआरजी श्रीमती वर्षा मानिकपुरी, श्रीमती एलवीना विलसन ने सभी स्कूल का अवलोकन किया। जिसमें शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला पालीगुडा, परसवारा, पिपरिया, बिरकोना, गेगड़ा व देवरी में जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता व एपीसी अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

### कामठी हायर सेकण्डरी स्कूल कें शिक्षक स्कूल कें तस्वीर बदलने में जुटें



**हरिभूमि पंडरिया।** पण्डरिया विकासखंड अंतर्गत प्रतापगढ़ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में शिक्षक तुलस चंद्राकर व कोमल धृतलहरें कें नेतृत्व में पालक, शिक्षक तथा विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय प्रांगण में परिजात, बेल, कनेर, कदम, आम, नीम सहित फल व छायादार 32 पौधरोपण तथा उनका संरक्षण करने का संकल्प लिए गए। इस अवसर पर उपस्थित लकेश यादव ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित ही हम भी आज इस कार्यक्रम में शामिल होकर पर्यावरण में अपना योगदान देकर हम धन्य हो गए, निश्चित ही यह कें शिक्षकों का मेहनत व प्रयास से कामठी स्कूल की तस्वीर बदल रहा है साथ ही साथ राज्य में एक पहचान बना ली है। वहीं प्राचार्य आरएन राजपूत ने बताया विद्यालय परिषर में मां कें नाम कार्यक्रम कें तहत मेगा पौधरोपण किया गया तथा उनकी संरक्षण की जिम्मेदारी कक्षा बार सौंपी गई। शिक्षक तुलस चंद्राकर ने कहा कि पालकों कें सहयोग से सभी स्टाफ मिलकर पिछले वर्ष से विद्यालय को स्वच्छ सुन्दर व एक नई उड़ान तक ले जाने कें संकल्प पर काम कर रहे है और हम पालकों कें सहयोग से सफल भी हो रहे है। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाएं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# राष्ट्रीय क्रीड़ा बेसबॉल व सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय क्रीड़ा 67वी स्कूल नेशनल गेम्स बेसबॉल व सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता 2023-24 में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के पन्द्रह खिलाड़ियों को सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर जन्मेजय महोबे व जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। वही मोहगांव के व्यायाम शिक्षक दिनेश वर्गीस ने बताया की इन खिलाड़ियों को शिक्षा विभाग द्वारा खेल प्रोत्साहन योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के कोरबा व बिलासपुर जिले में आयोजित राष्ट्रीय बेसबॉल मिनी बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता जिसमें सोहम सिंह, चंद्रेश कोर्राम, लवकुमार चंद्रवंशी, संध्या कौशिक, निशु बंजारे, सीनियर बालक वर्ग कुलेश्वर सिंह व जूनियर बालक-बालिका वर्ग में हिमेश दास मानिकपुरी व मान्या प्रसाद साथ ही साथ सॉफ्टबॉल 14 वर्ष बालक-बालिका राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो की कवर्धा में आयोजित हुआ था जिसमे शुभम सेन, विश्वनाथ मिश्रा, सुन्नम चरण, पूजा चंद्रवंशी, सविता मोडियाम सभी 13 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। सभी खिलाड़ियों को 21 -21 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया साथ ही सॉफ्टबॉल जूनियर बालक वर्ग राजस्थान के बीकानेर में आयोजित किया गया जिसमे हिमेश यादव ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया जिस पर 11 हजार रूपए तथा सॉफ्टबॉल सीनियर बालिका वर्ग की महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में आयोजित किया गया जिसमे हर्षिता प्रसाद ने कांस्य पदक प्राप्तकर जिले को गौरवांवित किया गया।

जिनको 15 हजार रूपए का चेक देकर प्रोत्साहित किया गया। अकेडमी प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया की सत्र 2023-24 में शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले से सिर्फ बेसबॉल व सॉफ्टबॉल के खिलाड़ियों ने ही पदक प्राप्तकर प्रदेश के साथ-साथ कबीरधाम जिले का नाम रोशन किया है इसके साथ ही कुछ महीने पहले खेल विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन रायपुर में कराया गया था।

जिसमे अकेडमी के 21 खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सम्मानित किया गया था जो हम सभी नगरवासियों के लिए गौरव की बात है। वही विगत कई वर्षो से बेसबॉल और सॉफ्टबॉल के खिलाड़ी स्कूल गेम्स और ओपन टूर्नामेंट के राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक लगाते आ रहे है साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी देश के लिए प्रतिनिधित्व कर रहे है वर्तमान में फिर से खेल व युवा कल्याण विभाग द्वारा सत्र 2021-22 तथा 2022-23 का राज्य खेल अलंकरण हेतु आवेदन मंगाया गया, जिसमे इस बार हमारे अकेडमी से 40 खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री ट्रॉफी, राजीव पांडेय पुस्कर, पंकज विक्रम पुस्कर, नगद राशि व डाइट मनी के लिए आवेदन भरा है वही अकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे अधिकांश खिलाड़ी आर्थिक रूप से कमजोर है फिर भी ये सभी खिलाड़ी कभी हिम्मत नही हारे और अभ्यास करते रहे इन खिलाड़ियों की मेहनत को देखते हुए जिले के जनप्रतिनिधियो व अधिकारियों द्वारा हमेशा इन सभी को सहयोग मिलता रहा है जिसका परिणाम है की आज यहां के खिलाड़ी इतने बड़े स्तर पर अपने अच्छे प्रदर्शन से पदक प्राप्तकर प्रदेश के साथ ही साथ जिले का नाम रोशन व गौरवाविंत किया।

### जिले के पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी



अकेडमी के खिलाडियो को कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा सम्मानित होने व प्रोत्साहन राशि मिलने के उपलक्ष्य पर जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, वनमण्डल अधिकारी शशि कुमार, विधायक प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पीयूष टाटीया, उपसंचालक व खेल तथा युवा कल्याण विभाग के अधकारी महेंद्र गुप्ता, सहायक खेल अधिकारी दिनेश साहू व अश्वनी चंद्राकर, महासचिव छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ सुश्री मिताली घोष, छत्तीसगढ़ प्रदेश सॉफ्टबॉल संघ उपाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, पार्षद उमंग पांडेय, सुनील साहू, अशोका पब्लिक स्कूल चेयरमैन पवन देवांगन, अजय ठाकुर, श्याम चकोर, आदित्य द्वेदी, अविनाश चौहान, अमन ठाकुर, मो.तस्लीम आरिफ, विकास यादव सहित अधिकारियों ने खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

**बैठक:** कलेक्टर ने बैठक में पदयात्रा के संबंध में दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव

# सावन के प्रथम सोमवार को भोरमदेव पदयात्रा का होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष सावन महीने के प्रथम सोमवार 22 जुलाई को पूरी भव्यता के साथ भोरमदेव मंदिर पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। भोरमदेव पदयात्रा सबेरे 7 बजे से बूढ़ा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भोरमदेव मंदिर तक होगा। कलेक्टर जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में भोरमदेव मंदिर परिसर में जन आस्था से जुड़े भोरमदेव पद यात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्था के संबंध में भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट कबीरधाम के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, मीडिया प्रतिनिधियों, सर्व अध्यक्ष क्लब, संघ एवं अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई और महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि भोरमदेव पदयात्रा में श्रद्धालु उत्साह से भाग लेते है। प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी कवर्धा सहित आसपास के सभी नागरिक इस पदयात्रा में शामिल होकर भव्य बनाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन के संबंध में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इसके साथ गणमान्य नागरिकों द्वारा प्राप्त सुझाव को भी अमल में लाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न संस्था के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पदयात्रा के रास्ते में पड़ने वाले ग्राम पंचायतों द्वारा रास्ते की साफ-सफाई एवं स्वागत द्वार बनाने, पेयजल, रास्ते में जगह-जगह आपात चिकित्सा व्यवस्था, डीजे व्यवस्था तथा पदयात्रियों के लौटने के लिए निःशुल्क बसों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई।



### बैठक में दिए गए आवश्यक सुधाव

बैठक में ज्वाइंट हेण्ड, लांयस क्लब, जिला प्रेस क्लब, विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा निःशुल्क भोजन व्यवस्था, फल-वितरण, चाय-बिस्कुट आदि वितरित करने की जानकारी दी गई। बैठक में भोरमदेव पदयात्रा के गरिमामय आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। इनमें मुख्य रूप से जगह-जगह पर भोरमदेव मंदिर जाने का रास्ता एवं दूरी दर्शाने के लिए साईन बोर्ड लगाने, भोरमदेव पदयात्रा का प्रचार-प्रचार गांव स्तर पर करने तथा पौधरोपण करने का सुझाव दिया गया। बैठक में आयोजन को भव्य बनाने के लिए यात्रा को विशेष थीम पर आधारित करने का सुझाव दिया गया, ताकि नागरिकों को अच्छा संदेश पहुंचे। बैठक में अधिकारी-पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# किसान बारिश नहीं होने से चिंतित, धान का थरहा प्रभावित

■ तेज धूप से रोपाई कार्य धीमी गति, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों खेती किसानी कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण किसानों के खेतों में धान की थरहा फसल तैयार हो चुके है। जो कि ग्रामीण किसान बारिश नही होने से चिंतित नजर आ रहें है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बारिश नहीं होने के कारण किसानों के खेतों में धान की थरहा नर्सरी पौधा सूखने लगे हैं जिनके कारण किसान चिंतित व परेशान है। पिछले तीन-चार दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं धान की रोपाई कार्य धीमी गति से होने लगे हैं साथ ही साथ संसाधन व मोटर पंप किसान मोटर पंप के सहारे कृषि कार्य व धान की रोपाई जोर शोर से किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर संसाधन हीन किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने बताया कि तेज धूप व गर्मी व उमस से धान की थरहा सुख रहे हैं जिनके कारण से किसान चिंतित व परेशान नजर आ रहे हैं। यदि एक-दो रोज बारिश नहीं होता है तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# हैंडपंप से निकल रहा गंदा व मटमैला पानी, संक्रमण की आशंका

## ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से की सुधार कार्य की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत दौजरी के हैंड पंप से गंदे तथा मटमैला पानी निकल रहे हैं। जिससे ग्रामीण रहवासियों को संक्रमण फैलने की आशंका बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दौजरी स्थित शिव मंदिर व सड़क किनारे स्थित हैंडपंप है, जहां आने-जाने वाले राहगिरो और आसपास के रहवासियो को पेयजल के लिए भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैंड पंप से मटमैला व दूषित पानी निकलने पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों व विभागी अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा जांच व सुधार तथा मरम्मत की मांग की गई ताकि ग्राम दौजरी ग्रामवासियो को दूषित पानी व संक्रमण व बीमारियों से बचा जा सकें।

### ग्रामवासी जल जीवन मिशन योजना के लाभ से वंचित

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम दौजरी नवनिर्मित पानी टंकी का निर्माण कराया गया लेकिन अभी तक जल-जीवन मिशन योजना अंतर्गत घरों-घर शुद्ध पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है। वहीं नवनिर्मित पानी टंकी शोपीस बनकर रह गए हैं व हैंडपंप की गंदे पानी पिने मजबूर है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देनें की अपील की गई ताकि ग्राम दौजरी ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन योजना का लाभ मिल सकें।

# अघोषित बिजली कटौती व बिजली वृद्धि के विरोध में कांग्रेसियों ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार व जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरीराम साहू के निर्देशानुसार रेंगाखार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा अघोषित बिजली कटौती व बिजली वृद्धि के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं कुई कुकदुर जोन अध्यक्ष ललित धुर्वे, सेक्टर प्रभारी पोलमी अंगदराम शिव, ब्लॉक सचिव पंडरिया परस पड़वार, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कुई कुकदुर कन्हैया रजक, लेखराम पंचेश्वर जनपद सदस्य बोड़ला, विष्णु नेताम युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रेंगाखार, देवन मेरावी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रेंगाखार, मेहर मेरावी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता, सोमल सिंह मेरावी, संतोष धुर्वे मीडिया प्रभारी युवा कांग्रेस, नारद मरावी, फगन नेताम, हेमराज खुशरे सहित आसपास क्षेत्र के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा रेंगाखार तहसील कार्यालय में रेंगाखार टीआई शांडिल्य, जेई कुंजाम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## परिहार अस्पताल में इलाज को लेकर की गई थी विशेष व्यवस्था



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के परिहार अस्पताल में सात दिन का नवजात शिशु पीलिया इतना की दिमाग तक में संक्रमण पहुंच गया, जिससे बच्चे को झटके आने लगे तब थक-हारकर ग्राम रणवीरपुर के नूतन यादव अपने बच्चे बेबी ऑफ नूतन यादव को बड़ी उम्मीद के साथ जिला मुख्यालय में संचालित परिहार अस्पताल में बच्चे को गम्भीर अवस्था मे लाए गए। बच्चे की गंभीर स्थिति और परिवार की गरीबी को देखते परिहार अस्पताल के संचालक डॉ शशिकपूर सिंह परिहार द्वारा बच्चे की तकलीफ को देखते हुए उनकी एनआईसीयू के जुझारू टीम ने 17 दिनों तक लगातार चौबिसों घंटे गहन देखभाल की। इलाज के दौरान बच्चे के पीलिया के संक्रमण को दूर करने दो बार खून बदलने की गंभीर व जोखिम भरी प्रक्रिया भी की और नवजात शिशु का सफलता पूर्वक इलाज कर बच्चे के पर्याप्त वजन बढ़ने व मां का दूध पीने लगने पर स्वस्थ बच्चे को परिजनों को सौंपा। मस्तिष्क में पीलिया का असर और झटके की गंभीर अवस्था मे बच्चे की देखभाल को लेकर अस्पताल संचालक डॉ श्री परिहार कहते है कि पीलिया का संक्रमण दिमाग मे पहुंचने और झटके आने की दशा में नवजात के बचने की उम्मीद कम हो जाती है। हमने इसे चैलेंज के रूप में लेकर बच्चे की देखभाल और इलाज किया और दो बार खून बदलने की जटिल प्रक्रिया सफलता पूर्वक कर नवजात का जीवन बचाने में सफल हुए। आयुष्मान भारत योजना के तहत बच्चे का इलाज निःशुल्क होने से परिवार पर कोई आर्थिक बोझ नही पड़ा जो अस्पताल की एक बड़ी उपलब्धि है। इसका सारा श्रेय अस्पताल के जुझारू मेहनती एनआईसीयू की टीम को जाता है। टीम वर्क के कारण हम यह कर पाए।

**वनांचल सहित मैदानी क्षेत्रों में उज्ज्वला योजना से 1 लाख 25 हजार 733 हितग्राही लाभावित**

# जिले में लाखों परिवारों को मिल रहा है उज्ज्वला योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभ से जिले के लाखों परिवारों की महिलाओं व बुजुर्ग तथा माताओं को लकड़ी, कोयले के चुल्हे और उनसे निकले वाले प्रदूषण से मुक्ति मिल रही है। जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के सफलतम पूर्वक क्रियान्वयन भी जा रहा है। इस वर्ष विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान राशन कार्ड धारक सैकड़ों नए परिवारों को नए गैस सिलेण्डर, चूल्हा कनेक्शन भी वितरण किया गया। अब तक जिले में वनांचल सहित मैदानी क्षेत्रों में निवासरत 1 लाख 25 हजार 733 हितग्राही को इस योजना का लाभ दिया जा चुका है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से देश के सभी गरीब परिवारों व राशन कार्ड धारक महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाया, ताकि महिलाओं को लकड़ी, कोयले के चूल्हे से छुटकारा मिले और वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकें। यह गैस सिलेंडर सभी लाभार्थियों को मुफ्त प्रदान किया जाएगा। जिले में संचालित समस्त गैस एजेन्सियों, ऑयल कम्पनी एवं विभाग द्वारा विभिन्न शिविरों के माध्यम से हितग्रहियों को अधिक से अधिक लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही बैनर-पोस्टर आदि के माध्यम से जन जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे है। विगत माह में प्रधानमंत्री जन-मन योजना अंतर्गत दुर्गम क्षेत्रों से नवीन उज्ज्वला कनेक्शन के लिए आवेदन लिए जा रहे है, जो कि प्रक्रियाधीन है। वर्तमान में कबीरधाम जिला अंतर्गत उज्ज्वला योजना के तहत 125733 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। जिले के वनांचल क्षेत्र तरेगांव जंगल विकासखंड बोड़ला क्षेत्रांतर्गत दुर्गम क्षेत्र वितरक की नियुक्ति की गई है जिसका संचालन आदिमजाति सेवा सहकारी समिति बोदा द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में इस एजेन्सी के पास प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनांतर्गत 2142 कनेक्शन तथा सामान्य कनेक्शन की संख्या 65 है। संचालक एजेन्सी के पास आज की स्थिति में 2701 रिफिल और 2207 कनेक्शन जारी कुल मिलाकर 4908 वितरण किया गया है। सहायक खाद्य अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में उज्जवला योजनांतर्गत नवीन कनेक्शन जारी किया जाना ऑयल कम्पनी की ओर से बाधित है जिसके कारण एजेन्सी में कुल-65 ई-केवायसी तथा लगभग 500 नवीन आवेदन लंबित है। नवीन आवेदनों में आवेदक द्वारा वांछित दस्तावेज उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही उन सभी का भी ई-केवायसी का कार्य प्रक्रियाधीन है। ऑयल कम्पनी द्वारा इसका कारण पूर्व लक्ष्य का पूर्ण होना तथा नवीन लक्ष्य प्राप्त नहीं होना बताया गया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### कवर्धा संयुक्त कलेक्टर उप सचिव नियुक्त

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ में कैबिनेट की बैठक के बाद तबादलों का दौर शुरू हो गया है। जहां इसी कड़ी में कबीरधाम के संयुक्त कलेक्टर आलोक कुमार श्रीवास्तव का ट्रांसफर छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग में उप सचिव के पद पर कर दिया है।

### लायंस क्लब ने स्कूल में किया पौध रोपण

**कवर्धा।** लायंस क्लब ने आज 10 जुलाई बुधवार को ग्राम सेवई कछार के 35 बच्चों को टाई बेल्ट लड्डू फल एवं बिस्किट दिए। ज्ञात हो कि ग्रामीण इलाके के इस प्राइमरी स्कूल को लायंस क्लब ने गोद लिया हुआ है और समय समय पर इस स्कूल में जाकर अभावग्रस्त बच्चों को जरूरी स्कूली सामग्री, फल, मिठाई आदि वितरित की जाती है। क्लब के इस प्रयास की वजह से इस स्कूल का अच्छा विकास हुआ है और बच्चों को भी बेहतर माहौल मिल रहा है। साथ ही स्कूल परिसर में आम, कटहल, आंवला, अमरूद और जामुन के 21 पौधे रोपकर संरक्षित किया गया। लायन पदाधिकारी स्कूल के न्योता भोज में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने बच्चों को भोजन परोसा व स्वयं भी बच्चों के साथ भोजन किया। सरस्वती पूजा से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। लायन पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में बच्चों को शुभकामनाएं देकर अच्छी पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।

### निधन

#### पृथ्वीराज सोनी



**कवर्धा।** जीवनदायनी मां नर्मदा के परम भक्त एवं महामाया बोल बम कांवरिया यात्रा समिति के सेवक एवं कवर्धा वन विभाग के सेवा निवृत्त कर्मचारी पृथ्वीराज सोनी का गत 9 जुलाई की रात्रि में हृदय गति रूक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 75 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 10 जुलाई को कवर्धा नगर के भोरमदेव रोड स्थित स्वर्ग धाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिवार, समाज एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर तथा दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# खण्ड एवं अल्प वर्ष, अंचल के किसानों की बढ़ा रही चिंता, अच्छी बारिश का इंतजार

- किसानो को बारिश के आभाव में धान रोपा खराब होने का सता रहा है डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/कोलेगांव

जून माह के मध्य में मानूसन की सक्रियता को देखते हुए अंचल के किसानो ने अपने खेतों में किस्मत के बीज तो डाल दिए हैं लेकिन आषाढ़ माह के अंतिम में दिनो में मौसम जिस ढंग से बेरूखी और सख्त मिजाज दिखा रहा है उसे देखते हुए किसानो की चिंता बढ़ रही है। किसानो को इस बात का ढर सता रहा है कि अगर समय रहते बारिश नहीं हुई तो कहीं उन्हें धान की बोआई दोबारा न करनी पड़ जाए और उनके धान थरहा रोपा के पहले कहीं नष्ट न हो जाए। भगवान न करे अगर ऐसा होता है तो निश्चित रूप से किसानो को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि मौसम के लिहाज से कबीरधाम जिला खण्ड वर्षा वाला क्षेत्र है। वर्षाकाल के दौरान ऐसा बहुत ही कम होता है कि एक साथ समूचे जिले में बारिश हो। स्थिति ये है कि अगर जिले के बोड़ला पंडरिया जैसे पहाड़ी और वनांचल ईलाकों में मूसलाधार और झमाझम बारिश हो रही हो तो जरूरी नहीं है कि जिले के मैदानी ईलाकों में भी बारिश हो। इतना ही जिले में खण्ड वर्षा का आलम तो ये है कि अगर किसी गांव में बारिश हो रही है तो जरूरी नहीं की उसके पडोसी गांव की जमीन भी गीली हो। कवर्धा शहर में तो महज दो-चार किलो मीटर के फासले में मौसम के अलग-अलग रंग देखने मिलते है। यहीं वजह है कि इस बार भी जून माह के मध्य में मानसून की सक्रियता के साथ जिले के प्रायः सभी क्षेत्रों में कही कम तो कहीं ज्यादा बारिश दुखने को मिली और अंचल के किसानो ने मानसून की इसी सक्रियता को देखते हुए धान की बोआई भी कर दी। लेकिन विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, कुण्डा, दामापुर, रूसे, भगतपुर, धनेली, पीपरमाटी, कंझेटा, मोहतरा, बसनी सहित अन्य दर्जनो ग्रामों के किसानों ने बताया कि धान की बोआई के बाद से पूरे क्षेत्र में खण्ड वर्षा की स्थिति देखने को मिल रही है। किसानो की माने तो अल्प एवं खण्ड वर्षा के कारण अभी तक इस क्षेत्र के किसानो के धान की रोपाई नहीं हो पाई है। ऐसे में किसानो को चिंता सता रही है कि समय रहते बारिश नहीं हुई तो कही उनके जमे जमाए थरहा खराब न हो जाएं। किसानो ने बताया कि अगर ऐसा होता है तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### अघोषित विद्युत कटौती भी बड़ी समस्या



किसानो ने बताया कि एक तो बारिश नहीं हो रही है उस पर अंचल के किसानो को जरूरत के हिसाब से बिजली भी नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण वे सिंचाई के साधन होने के बावजूद इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। किसानो ने बताया कि पूरे पंडरिया क्षेत्र में इन दिनो अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। स्थिति ये है कि लोगों को दिन में कई-कई बार विद्युत कटौती का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा लोवोल्टेज भी किसानो के सामने एक बड़ी समस्या है। जिसके चलते किसानो के पंप भी पानी नहीं उगल पाते। कुल मिलाकर मौसम के साथ बिजली भी किसानो की चिंता बढ़ा रही है।

### आषाण मास में भी भीषण गर्मी और उसम

इसे मौसम की मार ही कहें कि आषाण मास में लोगों को भीषण गर्मी और उसमें का सामना करना पड़ रहा है। कवर्धा नगर की ही बात की जाए तो यहां बीते करीब 15 दिनो से बारिश नहीं हुई है और हुई भी है तो सिर्फ बूंदा बांदी। जिसके चलते गर्मी और उसम लोग हलाकान और परेशान नजर आ रहे हैं। स्थिति ये है कि लोग अभी भी पंखा, कूलर और एसी में ही राहत और सुकून महसूस कर रहे हैं।

## अनदेखी: न टीन सेड, न बैठने की व्यवस्था और न पेयजल की सुविधा

# जिले के सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं का आभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

एक तो जिले के ग्रामीण एवं वनांचल ईलाकों में संचालित सरकारी स्वास्थ्य केन्दो की चरमाराई एवं खस्ताहाल व्यवस्था तथा स्टाप की कमी के चलते जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही है। वहीं दूसरी तरफ शासन, प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते इन स्वास्थ्य केन्द्रों में पहुंचने वाले मरीजों व लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नसीब नहीं हो पा रही है। इसकी एक बानगी जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुण्डा में संचालित स्वास्थ्य केन्द्र में साफ देखी जा सकती है। बताया जाता है कि कुण्डा स्वास्थ्य केन्द्र में शासन की मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत क्षेत्र की गर्भवती माताएं हर महिने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने पहुंचती है। जिन्हें स्वास्थ्य परीक्षण कराने से पूर्व स्वास्थ्य केन्द्र से पर्ची बनवानी पड़ती है, जिसके लिए महिलाओं को लम्बे समय तक स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर धूप में खड़ा रहना पड़ता है। स्वास्थ्य केन्द्र में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने पहुंचने वाली गर्भवति माताओं की माने तो कुण्डा स्वास्थ्य केन्द्र में केन्द्र के बाहर जिस काउंटर में पर्ची काटी जाती है वहां न तो टीन सेड़ है और न ही बैठने की कोई व्यवस्था। ऐसी स्थिति में गर्भवति महिलाओं को अपना नम्बर आने के इंतजार में लम्बे समय समय तक धूप में खुले आसमान के नीचे असुरक्षित ढंग से खड़े रहना पड़ता है। स्वास्थ्य केन्द्र गर्भवति महिलाओं के बैठने के लिए कुर्सी तक नहीं है। उन्होने बताया कि यहां तक की स्वास्थ्य केन्द्र में दूरदराज से आने वाली गर्भवति महिलाओं व मरीजों के लिए पेयजल तक की सुविधा नहीं है। जिससे उन्हें भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। जबकि कुण्डा स्वास्थ्य केन्द्र में ग्राम नानपुरी, भगतपुर, धनेली, रापा, महली कोडापुरी, दामापुर, डोंगरिया, कोदवा, निगापुर, सेमरकोना, कोलेगांव, बसनी सहित कई ग्रामों से बड़ी संख्या में गर्भवति माताएं हर महिने अपना मासिक स्वास्थ्य परीक्षण कराने पहुंचती है।

### गर्भवति माताओं को उठाना पड़ सकता है बड़ा नुकसान




महिलाओं ने बताया कि बैठने की सुविधा के आभाव तथा पर्ची के इंतजार में लम्बे समय तक खड़े रहने के कारण तेज धूप में कई बार गर्भवति महिलाओं की चक्कर भी आ जाते हैं। ऐसे में अगर कोई गर्भवति महिला चक्कर खाकर गिर गई तो उसके गर्भ को नुकसान होने की आशंका बनी रहती है। बेहतर होगा की शासन, प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग को इस और ध्यान देते हुए स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के बैठने, धूप बारिश से बचने के लिए टीन सेड तथा पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करनी चाहिए।

# एक वृक्ष मां के और चार वृक्ष बेटियों के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर जनमजेय महोबे के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जल शक्ति से नारी शक्ति एवं एक वृक्ष मां के नाम और चार वृक्ष बेटियों के नाम' विषय पर 5 फलदार वृक्षों का रोपण अभियान जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष रुप से ग्राम की महिलाओं, महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं, महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राहियों, जनप्रतिनिधियों को सम्मिलित कर पौधारोपण से जल संरक्षण, जल का महत्व, साफ और सुरक्षित जल का उपयोग, जल के संरक्षण के सही उपाय, जल संग्रहण की उपयोगी तकनीकों की जानकारी, जल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता का महत्व, साफ सुथरा शैचालय का उपयोग, साथ ही पौधारोपण से जल संरक्षण करने, जल सरंक्षण एवं प्रबंधन के लिए स्वस्थ्य मिट्टी के लिए पौधो एवं वृक्षो की भूमिका के विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य हवा की गुणवत्ता में सुधार लाना, जलवायु में सुधार लाना, जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण और वन्य जीवन का समर्थन करना है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को जल सरंक्षण के संबंध में पानी बचाने और उसके संचयन का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल संरक्षण को बढ़ावा देने में सहयोग करने और अपने परिवारजनों, मित्रों, पड़ोसियों और अपने आने वाली पीढ़ियों को इसके समुचित उपयोग और व्यर्थ न बहाने के लिए प्रेरित करने विषय पर शपथ दिलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के क्रियान्वयन अंतर्गत उपस्थित महिलाओं को योजना के लाभ के लिए पात्रता, अपात्रता तथा योजना का लाभ कैसे प्राप्त किया जा सकता है के संबंध में जागरुक करते हुए जानकारी दिया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जल संरक्षण के लिए जल शक्ति से नारी शक्ति विषय पर प्रशंसनीय कार्य किए जाने वाली महिलाओं, महिला समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी स्तर, सेक्टर स्तर या ग्राम स्तर पर जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



# 32 पौवा देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, मोटर सायकिल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

दशरंगपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध शराब बिक्री कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब जप्त की है। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में दशरंगपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उसे मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम दशरंगपुर में एक व्यक्ति द्वारा अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। इस सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने तत्काल मुखबिर के बताए हुए ठिकाने में दबिस देकर आरोपी भुवनेश्वर सिन्हा पिता अनुज सिन्हा को दबोच लिया और तलाशी के दौरान उसके पास 32 पौवा देशी शराब कुल 5.760 बल्क लीटर किमती 2560 रूपए जप्त कर ली। पुलिस ने आरोपी के पास से शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकल भी जप्त की है। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।



# सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में चल रहे कार्यक्रम बदलाव संग युवा जिसमें कवीर स्वयंसेवकों का लगातार क्षमतावर्धन किया जा रहा है। यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के सहयोग से जिला पंचायत भवन के सभागार कक्ष में सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला में मैं हूं न कार्यक्रम का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य समन्वयक मानसिक स्वास्थ्य सुश्री दानिश खातून हुसैन ने कवीर स्वयं सेवकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रथम सहायता उपचार के लिए प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह था कि किस प्रकार से दोस्त, बच्चा, युवा या बड़े जो दुख और परेशानी में होते हैं, उनकी मदद की जा सके। जिला समन्यवयक दीपक बागरी ने कहा की मैं हूं ना थीम के तहत, स्वयंसेवकों को मन मित्र के रूप में समुदाय में सेवा देने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच के अंतर को समझा और मन मित्र के रूप में आवश्यक सावधानियों को सीखा गया। यह ज्ञात हो कि कवीर स्वयंसेवी जिले में पांच कार्यक्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं, जिनमें से एक मानसिक स्वास्थ्य है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मन मित्र के रूप में स्वयंसेवकों को तैयार करना था। कार्यक्रम में वॉलंटियर समन्वयक नितेश चंदेल और जिलेभर से बड़ी संख्या में कवीर स्वयंसेवी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ऐसे में कैसे सुधरेगी कवर्धा नगर की यातायात व्यवस्था...



**कवर्धा।** इन दिनो यातायात विभाग के मुखिया जिला मुख्यालय कवर्धा की खस्ताहाल व चरमराई यातायात व्यवस्था को पटरी में लाने हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा लगातार शहर में बकायदा लाउड स्पीकर तथा पेट्रोलिंग के माध्यम से लोगों को यातायात के नियतों के साथ सुरक्षित आवागमन के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी की जा रही है। लेकिन इन तस्वीर को देखकर बरबस ही सवाल उठता है कि ऐसे में कैसे सुधरेगी नगर की यातायात व्यवस्था

## तहसील और पटवारी कार्यालायों से बगैर कामकाज के बैरंग लौट रहे

# हड़ताल के चलते जिले में राजस्व विभाग का कामकाज ठप



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सीधे गांव, गरीब और किसानो सहित आम लोगों से जुड़े राज्य विभाग का कामकाज इन दिनो हड़ताल के चलते लगभग पूरी तरह से ठप पड़ा है। दरअसल शासन ने राजस्व विभाग संबंधी लोगों के कामकाज को पूरा करने जिन पटवारियों, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को जिम्मेदारी व दायित्व सौंपे हैं वे हड़ताल पर हैं। जिसके चलते अपने कामकाज को लेकर जिले की तहसील, उप तहसील और पटवारी कार्यालयों पहुंचने वाले लोगों को बगैर कामकाज के ही हलाकान और परेशान होकर बैरंग लौटना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रांतीय आव्हान पर जिलेभर के पटवारी अपनी करीब 16 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर गत 7 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे हुए हैं। वहीं अब 10 जुलाई से छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले जिलेभर के ने भी अपनी करीब आधा दर्जन मांगों को लेकर तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दी है। वहीं तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते उनकी मांगों को शासन द्वारा पूरा नहीं किया गया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी जा सकते हैं। गौरतलब है कि तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने महासमुंद जिले के न्यायालय झलप तहसीलदार के साथ गत 8 जुलाई को हुई मारपीट की घटना के विरोध के साथ शासन के समक्ष मुख्य रूप से तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने, तहसीलदारों से डिप्टी कलेक्टर प्रमोशन मे वर्तमान 60:40 के अनुपात को परिवर्तित कर पूर्व की भांति 50:50 के अनुपात को यथावत करने की घोषणा का पालन किए जाने, नायब तहसीलदारों को राजपत्रित का दर्जा देने की घोषणा का पालन किए जाने, वेतन विसंगती के कारण तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार हीन भावना से ग्रस्त है अतः वेतन विसंगती दूर किए जाने, प्रोटोकॉल, लॉ एण्ड ऑर्डर एवं मैदानी कार्यों के लिए वाहन व्यवस्था या डीजल भत्ता प्रदान किए जाने, राजस्व न्यायालय के कुशल संचालन के लिए प्रत्येक पीठासीन के लिए एक वाचक, एक कम्प्यूटर ऑपरेटर, एक नृत्य प्रदान किए जाने एवं लैपटॉप/कम्प्यूटर, स्कैनर, प्रिन्टर तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं स्टेशनरी फंड, फर्नीचर की व्यवस्था किए जाने, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, के पत्र क्रमांक 495/05/2022/सात-2, दिनांक 12.06.2023 द्वारा तहसीलदार/ नायब तहसीलदार संलग्नीकरण न किया जाए एवं अधीक्षक / सहायक अधीक्षकों (भू-अभिलेख) को तहसीलदार/ नायब तहसीलदारों का प्रभार नहीं दिए जाने संबंधी आदेश का कियान्वयन जिला स्तर पर अनिवार्य रूप से किए जाने की मांग रखी गई है।

## कैशलेश चिकित्सा सेवा की मांग, सौंपा ज्ञापन



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ कैशलेश चिकित्सा सेवा संघ कबीरघाम ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं वित्त मंत्री के नाम स्थानीय प्रशासन को सौंपा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ नेत्र सहायक अधिकारी एसोसिशन के प्रांताध्यक्ष मनीष जॉय ने बताया कि शासकीय कर्मचारियों सहित अधिकारियों को बीमारी की अवस्था में निजी चिकित्सालय में ईलाज कराने के लिए कर्मचारियों को कैश पैसा देकर ईलाज कराना पड़ता है। उन्होने कहा कि बीमारी एक ऐसा नाम है जिसमें कर्मचारी बीमार हो गया तो निजी अस्पतालों में उसकी पूरी जमा पूंजी एक साथ खर्चा हो जाती है। वहीं कई बार तो तत्काल अतिरिक्त व्यवस्था उधारी करना पड़ जाता है। जिससे कर्मचारी पूरी तरह से टूट जाता है बिखर जाता है। बाद में कर्मचारी को क्लेम करने पर पैसा मिलता तो है। वह भी पूरा नही मिलता बहुत से चार्ज को काट दिया जाता है। क्लैम पास कराने के लिए कुछ खर्चे भी करने पड़ते है। ऐसे में एक सहारा यह हो सकता हैं की शासकीय कर्मचारियों को निजी मान्यता प्राप्त अस्पतालों में भर्ती कर के कैशलेश ईलाज प्रारंभ करना चाहिए जिसकी मांग प्रांताध्यक्ष राकेश सिंह की अगुवाई में की जा रही है। जिससे कर्मचारियों की एक बहुत बड़ी समस्या का समाधान हो सकता है। इससे सरकार पर किसी प्रकार का अतिरिक्त भार नहीं होगा। ज्ञापन सौपने के दौरान छत्तीसगढ़ नेत्र सहायक अधिकारी एसोसिशन के प्रांताध्यक्ष मनीष जॉय, मोहम्मद अयाज कुरैशी, अविनाश कौशिक, अरुणदास मानिकपुरी एवं सौरव झा उपस्थित थे।